





पाक्षिक
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड
Postal Registration No : BHILWARA/208/2024-2026 Posting on 09-06-2025 at Rail Mail Service, Bhilwara
वर्ष-27 अंक-24 भीलवाड़ा/07 जून 2025 कुल पृष्ठ- 18 मूल्य : 25 रुपए 1






























# कॉटन उत्पादन में गिरावट से भारत दूसरे पायदान पर पहुँचा

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

देश में गत 10-11 वर्षो के दौरान कॉटन उत्पादन में उतार-चढ़ाव आए हैं। उल्लेखनीय है कि बीटी के कॉटन से खेती, मौसम का साथ देने और क्षेत्रफल में वृद्धि के कारण देश में कॉटन का उत्पादन तेजी से बढ़ा और अमेरिका तथा चीन को पीछे छोड़ते हुए तीसरे स्थान से पहले स्थान पर पहुँचा गया था, लेकिन उसके बाद उत्पादन में उतार-चढ़ाव आने से दूसरे पायदान पर आ गया है। उल्लेखनीय है कि विश्व कॉटन उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी लगभग 24 प्रतिशत है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार देश में वर्ष 2015-16 (अक्टूबर-सितम्बर) में कॉटन का उत्पादन लगभग 386 लाख गांठ (प्रति गांठ 170 किलो) था, लेकिन बाद में इसमें उतार-चढ़ाव आता रहा है। इससे पूर्व वर्ष 2013-14 में कॉटन का उत्पादन लगभग 398 लाख गांठ का रिकॉर्ड स्तर छू चुका था, लेकिन इन आंकड़ो तक उत्पादन दोबारा नहीं पहुँच पाया है। उल्लेखनीय है कि उक्त वर्ष में कॉटन बुआई केवल 119.60 लाख लाख हैक्टेयर पर ही हुई थी, लेकिन प्रति हैक्टेयर उत्पादकता 566 लाख किलो के लिए रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गई थी। वर्ष 2015-16 में उत्पादन गिरकर 332 लाख गांठ रह गया। उसके बाद वर्ष 2016-17 में भी कॉटन उत्पादन बढ़ा और वर्ष 2017-18 में बढ़कर 370 लाख गांठ का स्तर छूआ, लेकिन उसके बाद इस स्तर पर दोबारा नहीं आ पाया है।

कॉटन - वर्ष 2018-19 में कॉटन उत्पादन गिरकर 333 लाख गांठ होने के बाद वर्ष 2019-20 में फिर उछलकर 365 लाख गांठ पर पहुँचा, लेकिन एक वर्ष बाद ही गिरकर 311 लाख गांठ पर आ गया। इसके बाद अनुकूल मौसम और अधिक क्षेत्रफल से एक बार फिर वर्ष 2022-23 में उछलकर 347 लाख गांठ हो गया, लेकिन बाद के वर्षो में लगातार घट रहा है। हाल ही में समाप्त हुए कॉटन वर्ष 2024-25 में उत्पादन 306.09 लाख गांठ का स्तर छू गया, जो लगभग डेढ़ दशक का सबसे कम उत्पादन है। जानकारों का कहना है कि कॉटन के उत्पादन में गिरावट के कई कारण हैं। उत्तरी भारत में कॉटन के उत्पादन में गिरावट का कारण पंजाब में किसानों को इससे मोह भंग हो जाना है। किसी समय पंजाब में कॉटन की खेती 4 लाख हैक्टेयर से अधिक पर की जाती थी, लेकिन गत वर्ष 2024-25 में गिरकर एक लाख हैक्टेयर से भी कम पर रह गई।

शेषांश पृष्ठ 10 पर...



























































## पानीपत हैंडलूम में अरबों के ऑर्डर डूबे

**पानीपत/ अशोक शर्मा**

विश्व प्रसिद्ध हैंडलूम मण्डी पानीपत पहले से ही मंदी की मार झेल रही है और अब अरबों रूपए के ऑर्डर डूबने की चर्चा ने पानीपत के उद्योगपतियों की नींद हराम कर दी है। बताया जा रहा है कि अकेले तुर्की से 150 करोड़ रूपए के ऑर्डर थे। इसी प्रकार विदेशों से भी मोटे ऑर्डर थे, जो अब डूबने के आसार दिखाई दे रहे हैं। उद्योगपतियों का कहना है कि पाकिस्तान की शरारतें उद्योगों पर भारी पड़ रही है, जिससे व्यापारियों को भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है और सरकार को भी टेक्स आदि में घाटा होता दिखाई दे रहा है। साथ ही लेबर को भी मुसीबत का सामना करना पड़ेगाा। इस बारे में जब सम्बन्धित अधिकारियों से जानकारी लेनी चाही तो वे भी इस मामले में परेशान ही दिखाई दिए। उल्लेखनीय है कि पानीपत हैंडलूम मण्डी द्वारा बनाए गए पर्दे, चादर, बैडशीट अन्य कई आयटम बाहरी देशों में भेजी जाती हैं, जिससे सरकार को भी भारी टेक्स इन्कम इत्यादि होती है। इस समय पानीपत में मंदी की लहर चल रही है और हालात ऐसे बने हुए हैं कि छोटे-छोटे दुकानदार भी परेशान हो गए हैं, क्योंकि पानीपत का हर वर्ग हैंडलूम मण्डी पर ही निर्भर रहता है।

# तुर्की से आयात माल का व्यापारियों ने किया बहिष्कार

**मुजफ्फरनगर/ अजय कुमार सिंघल**

भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव का असर अब केवल कूटनीतिक दायरे तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसका प्रभाव देश के व्यापारिक वर्ग और आम लोगों के फैसलों में भी साफ झलकने लगा है। तुर्किये (तुर्की) द्वारा पाकिस्तान का खुलेआम समर्थन करने के बाद देशभर में 'बॉयकॉट तुर्की' अभियान ने जोर पकड़ लिया है। महाराष्ट्र के पुणे से लेकर राजस्थान के उदयपुर तक व्यापारियों ने तुर्की से आयातित वस्तुओं का बहिष्कार कर तुर्की को आर्थिक मोर्चे पर जवाब देने का ऐलान कर दिया है। भारत की ट्रेवल एजेंसियों और पर्यटकों ने भी तुर्की और अजरबैजान के अपने ट्यूर कैंसिल कर दिए हैं। एजेंसी के अनुसार महाराष्ट्र के पुणे में व्यापारियों ने तुर्की से आयात होने वाले सेब की बिक्री पूरी तरह बंद कर दी है। स्थानीय बाजारों से ये सेब गायब हो गए हैं और ग्राहकों ने भी इसका बहिष्कार कर दिया है। हर साल पुणे के फलों के बाजार में तुर्की सेबों की हिस्सेदारी लगभग 1,000 रू से 1,200 रू करोड़ की होती है, लेकिन अब यह कारोबार ठप हो गया है।

पुणे के एपीएमसी (कृषि उत्पन्न बाजार समिति) मार्केट में सेब व्यापारी ने बताया कि हमने तुर्की से सेब मंगवाना पूरी तरह बंद कर दिया है। अब हम हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, ईरान और अन्य क्षेत्रों से सेब मंगा रहे हैं। यह फैसला देशभक्ति की भावना से प्रेरित है और सरकार के समर्थन में लिया गया है। एक अन्य फल व्यापारी ने कहा कि तुर्की सेबों की मांग में करीब 50 प्रतिशत की गिरावट आई है और उपभोक्ता अब खुलकर इनका बहिष्कार कर रहे हैं। भारत सरकार ने भी तुर्कियों की कंपनी का एयर पोर्ट और बंदरगाहों के ठेके रद्द कर दिए हैं। यह कम्पनी तुर्की राष्ट्रपति की बेटी की बताई जाती है, जबकि तुर्की के राष्ट्रपति के दामाद की कम्पनी के बने ड्रोन से ही पाकिस्तान ने भारत के ऊपर हमला किया था। उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल, मुजफ्फरनगर से जुड़े सभी व्यापारी देश-प्रेम और राष्ट्र भक्ति की इस मुहिम में शामिल होकर देश के ज्ञात और अज्ञात दुश्मनों को सबक सिखाने के लिए कटिबद्ध हैं। मुजफ्फरनगर तथा आस पास की कपड़ा मार्केट्स में व्यापार फिलहाल इस समय कमजोर स्थिति में हैं। कपड़े के सभी सेगमेंट्स में ग्राहकी कम देखी गई है। कॉटन ब्लेंड कपड़े की मांग है और जल्द ही कामकाज निकलने की आशा है।



















# 'एक देश, एक चुनाव' विषय पर चर्चा

**महाराष्ट्र चेंबर ऑफ कॉमर्स - पी. पी. चौधरी**




मॉनिसिपल पी. पी. चौधरी की अध्यक्षता में संयुक्त संसदीय समिति की बैठक में शामिल हुए सांसद सुप्रिया सुले, अनुराग ठाकुर, इलेक्ट्रोडायड यादव, मधुर भंडारकर, महाराष्ट्र चेंबर के अध्यक्ष श्री ललित गांधी, उपाध्यक्ष करुणाकर संसदीय समिति, श्रीकृष्ण परब, निलाक्षी अयारी और श्रीनिवासन

**कोल्हापुर/ राहुल खाडे**

एक देश-एक चुनाव के लिए प्रस्तावित इवेंट सर्वेक्षण के बारे में मुम्बई ट्यूर पर होने वाले संयुक्त संसदीय समिति के बारे में चर्चा की गई। महाराष्ट्र चेंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से अध्यक्ष श्री ललित गांधी ने यह अहवाल पेश किया। इस चर्चा में न्यूनतम पुरूषोत्तम रूपाला, मोहम्मद बशीर, सुप्रिया सुले, अनुराग ठाकुर ने भाग लिया। महाराष्ट्र चेंबर की ओर से उपाध्यक्ष श्री करुणाकर अलॉटमेंट, श्रीकृष्ण परब, सीबीएसई जनरल ब्लूकेशी अय्यारी आदि की उपस्थिति रही। इस समय बॉलीवुड की ओर से मधुर भंडारकर, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के श्री आशीष कुमार चौहान के साथ मनिवर उपस्थिति रहीं।




# सूटिंग-शर्टिंग व यूनिफॉर्म की डिमाण्ड जबरदस्त

**रेवाड़ी/ जयप्रकाश शर्मा**

इस समय बाजार में स्कूल यूनिफॉर्म का कपड़ा मिलों से बराबर जा रहा है और बुकिंग भी अच्छी आ रही है। श्री भैरव वस्त्र भण्डार कुण्ड मण्डी के यहाँ सूटिंग-शर्टिंग की ग्राहकी अच्छी चल रही है। दीक्षा साड़ी शोरूम श्री आलोक शर्मा के यहाँ साड़ियां, पेंट-शर्ट एवं रेडीमेड में ग्राहकी अच्छी चल रही है। अभी साड़ियां 250 रु से 1500 रु तक की रेंज में बिक रही है। बच्चों के स्कूल बैग एवं ड्रेस की डिमाण्ड अच्छी है। जे एस ट्रेलर्स के यहाँ स्कूल यूनिफॉर्म अच्छी बिक रही है और प्राइवेट स्कूल्स में ड्रेस सप्लाई दे रहे हैं। शिवम वस्त्र भण्डार श्री मनोहर भाई के यहाँ प्राइमरा का कपड़ा अच्छा बिक रहा है और साड़ियां, पेंट-शर्ट, लहंगा, चुन्नी की अच्छी डिमाण्ड है। मिलों से बराबर कपड़ा जा रहा है। पूजा साड़ी एम्पोरियम अटेली के यहाँ साड़ियों की ग्राहकी अच्छी है। आगे बाजार अच्छा चलने की पूरी उम्मीद है। बाजार में पेमेंट की आवश्यक ठीक है।

# ईद की रौनक कमजोर

**बरेली/ राजीव अरोड़ा**

प्रत्येक वर्ष व्यापारी त्योहारी सीजन की तैयारी करता है, जिसमें बकरा ईद पर लेडीज सूट, कुर्ता-पायजामा की बिक्री अच्छी रहने की उम्मीद रहती है, लेकिन इस बार व्यापारियों को समझ नहीं आ रहा है कि आखिर ऐसा क्या हो गया की ईद पर बिक्री इतनी कमजोर चल रही है। टेक्सटाइल वर्ल्ड से पश्चिमी उत्तरप्रदेश विजीट के दौरान श्री कमलेश व्यास जो पूरे भारत का भ्रमण कर चुके हैं, उनसे बात करने पर ज्ञात हुआ कि बरेली की नहीं, अपितु संपूर्ण भारत में कामकाज हल्का चल रहा है। प्रत्येक शहर में दो-चार दुकानदारों को छोड़कर बाकी व्यापारी औसत अनुसार व्यापार कर रहे हैं। वैसे लेडीज सूट में दिल्ली के बाद मुरादाबाद ही ऐसी मण्डी है, जहाँ वैरायटियां भी भरपूर है और रेट भी दिल्ली की अपेक्षा सही है। बरेली में कई व्यापारी दिल्ली की जगह मुरादाबाद से माल लेते हैं। कॉटन बॉर्डर वाले ब्लाउज पीस और थान की बरेली में डिमाण्ड बराबर चल रही है, परंतु मर्दानी धोती की डिमाण्ड कमजोर बनी हुई है। गर्मी के कारण चौड़ी लाइन वाले अंगोछे की डिमाण्ड अच्छी है।





MONTI LINEN
" Indulge in the luxury of world's best linen "
TESSITURA MONTI INDIA PVT. LTD.
Tessitura Monti India Pvt.Ltd.
BORN IN ITALY 1911
Factory & Registered Office :
Gat No. 147, Village Tamgaon, Post - Sangavde, Tal. Karveer, Kolhapur - Hupari Road, Dist. Kolhapur - 416202. Maharastra. INDIA. Tel. No : +91 231 2682900 Email : info@monti.co.in
Corporate Office :
77, Jodh Towers, 4th Floor, Lalbagh Road, Bengaluru - 560027, INDIA. Tel. No : +91 80 40500288
Email : office@monti.co.in Website : www.monti.co.in
@TESSITURAMONTI.INDIA
Auth. Distributors : Maharashtra & Gujarat - M/s Yuana Fashion, Mumbai - Mr. Sachin -9820041644
Karnataka & Kerala - M/s Vogue Vastra, Bangalore - Mr. Vicky -9886393460
For Distributorship Enquiry In Unrepresented area : +91 97028 39191


PICASSO
by BAIRD Cotton
Picasso presents fine digital prints in SUPER LUXURY COTTON
For Agent/Dealer enquiries, reach us at: Call: +91 9340605633 | Whatsapp: +91 9992514747 | Write to: helloburgoyne@bairdlinen.com
AVAILABLE AT ALL LEADING RETAIL OUTLETS | Follow us on /@bairdcottonofficial | /@bairdcotton_official | www.bairdcotton.com
Burgoyne & BAIRD Cotton are registered trademarks of WFB BAIRD & COMPANY (INDIA) PVT. LTD.
HOUSE OF BURGOYNE IRELAND

# चेंबर ऑफ टेक्सटाइल ट्रेड एंड इंडस्ट्री का जागरूकता अभियान







**कोलकाता/ देवेंद्र बोथरा**

चेंबर ऑफ टेक्सटाइल ट्रेड एंड इंडस्ट्री (कोट्टी) द्वारा जागरूकता अभियान आरंभ किया गया, जिसके अंतर्गत सभी कपड़ा व्यापारियों को आग की घटनाओं को नियंत्रित करने एवं इससे बचने के उपाय बताए गए। इस अभियान की शुरूआत 30 मई को चेंबर सभागार में आयोजित कार्यक्रम से हुई, जिसमें स्थानीय विधायक श्री विवेक गुप्ता, वार्ड 42 के पार्षद श्री महेश शर्मा एवं वार्ड 23 के पार्षद श्री विजय ओझा उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कोट्टी के अध्यक्ष श्री महेंद्र जैन ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि आग की घटनाओं पर नियंत्रण पाने के लिए इसके बचाव के उपाय ही सबसे ज्यादा जरूरी है। अगर हम कुछ बुनियादी बातों का ध्यान रखेंगे तो सबसे ज्यादा जरूरी है बिजली के तारों का समुचित ढंग से नियोजन करने की घटनाओं पर नियंत्रण पा सकते हैं। ट्रेड कॉऑर्डिनेशन कमेटी के जॉइंट चेयरमैन श्री अरुण भुवालका ने सभी का स्वागत करते हुए इस विषय पर जागरूक रहने के बारे में बताया। इसके अलावा विधायक श्री विवेक गुप्ता ने इस तरह की घटनाओं पर तुरंत कंट्रोल करने के लिए सभी सदस्यों से जागरूक रहने की अपील करते हुए कहा कि हमें अपनी ओर से भी अत्यंत सतर्क रहने की आवश्यकता है और हर दुकान में कम से कम एक फायर एक्सटिंगुइसर का होना भी आवश्यक है।



पार्षद श्री विजय ओझा और श्री महेश शर्मा ने भी अपने महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए। इस अवसर पर ट्रेड कॉऑर्डिनेशन कमेटी के जॉइंट चेयरमैन श्री मुरारी लाल खेतान और श्री अरुण भुवालका, कॉ-चेयरमैन श्री ओमप्रकाश पोद्दार, चेंबर के मंत्री श्री देवेंद्र कुमार बोथरा एवं कोट्टी के कार्यकारिणी सदस्य सर्वश्री विनोद केडिया, सुरेश जालान, अजय सिंघी, सरोज सिंगल, विकास लखोटिया, सुशील शाह, घनश्याम दास बंग एवं विभिन्न एफिलिएटिड संगठनों पारख कोठी, सदासुख कटरा, पंजाबी कटरा, सेन्ट्रल कलकत्ता मर्चेंट एसोसिएशन, गीता कटरा, प्रोगेसिव ट्रेडर्स एसोसिएशन, टेक्सटाइल एजेंट्स एसोसिएशन, कलकत्ता यार्न मर्चेंट एसोसिएशन, रानी कोठी ट्रेडर्स एंड वेल्फेयर एसोसिएशन, सिटी सेंटर ऑनर्स एसोसिएशन एवं अन्य एसोसिएशंस के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। अंत में मंत्री श्री देवेंद्र कुमार बोथरा ने कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

















## कांस फिल्म फेस्टिवल में फैशन डिजाइनर

# टीना रांका ने भारतीय संस्कृति का गौरव बढ़ाया

**सूरत/ सत्य प्रकाश**

फ्रांस में आयोजित प्रतिष्ठित कांस फिल्म फेस्टिवल में सूरत की प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर टीना रांका ने हस्तकला निर्मित परिधान थीयल को पहनकर रेड कारपेट पर भारतीय संस्कृति की अनोखी छटा बिखेरी। उनके परिधान में भारत की विविध लोक कलाओं और परंपराओं की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी, जिससे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय संस्कृति का गौरव बढ़ाया।

सूरत निवासी श्री कूलदीप प्रकाश सिसोदिया द्वारा प्रदत जानकारी के अनुसार राज-स्थान में फैशन की पढ़ाई पूरी करने के बाद टीना शादी के बाद सूरत आ गई। पारंपरिक संयुक्त परिवार और दो बच्चों की जिम्मेदारियों के बीच भी उन्होंने अपने फैशन ब्राण्ड 'टीना रांका' की सफलतापूर्वक स्थापना की। परिवार के सहयोग से उन्होंने अपनी भावना, कल्पना और फैशन की गहरी समझ के साथ एक विशिष्ट पहचान बनाई है। टीना रांका का मानना है कि हर महिला को उनके परिधानों में आत्मविश्वास और आराम का अनुभव होना चाहिए। वे सौंदर्य को किसी भी खामी से परे मानती हैं और उसी सोच के साथ हर परिधान को संजोती हैं। उनकी कांस फिल्म फेस्टिवल में यह प्रस्तुति न केवल सूरत-गुजरात, राजस्थान बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व का विषय बनी है।



हस्तकला से सजे थीयल परिधान में रेड कारपेट पर बिखेरा जलवा

# धोखाधड़ी एवं धमकी देने वाले एजेंट और व्यापारियों पर व्यापार में लगाया जाएगा पूर्ण प्रतिबंध

सूरत/ विगत दिनों आढ़तिया कपड़ा एसोसिएशन के द्वारा एक आपातकालीन बैठक बुलाई गई, जिसका मुख्य उद्देश्य पिछले हफ्ते एक एजेंट, जिसने काफी सारे व्यापारियों का पैसा रोक कर, उसे मांगने पर देश से ही नहीं विदेश से सऊदी अरब से धमकियां देने का काम किया और कहा की सभी व्यापारिक मामलों से हट जाओ नहीं तो हम आपको निपटा देंगे।




इस प्रकार से आए दिन धोखाधड़ी के केस आते हैं और इसके साथ-साथ अब धमकी भी आए दिन मिलने लगी है। जब किसी व्यापारी द्वारा रोके हुए पैसे का अध्यक्ष श्री प्रहलाद अग्रवाल व्यापारी से पैसे का तकादा करते हैं, उनके कहने पर तुरंत पैसा आना चालू हो जाता हैं, इससे इस तरह के आए दिन अब केस घटते जा रहे हैं। संस्था द्वारा चीटिंग के केस देखते हुए ऐसे एजेंट और व्यापारियों को व्यापार में पूर्ण रूप से प्रतिबंध करने का निर्णय ले लिया है। अगर कोई भी मामला संस्था में आता है तो व्यापारी को 15 दिन के अंदर जवाब देना होगा अन्यथा उस पर पूर्ण रूप से कार्यवाही की जाएगी। बैठक में तमाम सारे अहम निर्णय लिए गए और व्यापार जगत को सुधारने के लिए जल्द ही ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## होलसेल एवं रिटेल संस्थान

# प्रमोद टेक्सटाइल्स



श्री महावीर अग्रवाल



श्री प्रमोद अग्रवाल

**कोटा /** ब्राण्डेड सूटिंग-शर्टिंग एवं एथनिक फैब्रिक्स के रिटेल व्यवसाय में सक्रिय फर्म 'प्रमोद टेक्सटाइल्स' पर रेमंड, ओसीएम, अरविंद, रीड एण्ड टेलर, ग्राडो, लिनन क्लब, सियाराम जैसे प्रसिद्ध ब्राण्ड्स का कपड़ा वाजिब दरों में बिक्री किया जा रहा है। संस्थान के संचालक अनुभवी वस्त्र व्यापारी श्री महावीर प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि वे शुरू से ही क्वालिटी एवं ब्राण्डेड फैब्रिक्स में डील कर रहे हैं। संस्थान के काम में अहम भूमिका निभा रहे इनके सुपुत्र श्री प्रमोद अग्रवाल ने बताया कि आजकल एथनिक वियर की मांग बहुत बढ़ गई है। जिसके चलते हम भी एब्सोल्यूटो, कडिनी, केनेटी, बी-पोश, सोलिनो आदि जाने माने ब्राण्ड्स का काम कर रहे हैं। अच्छी क्वालिटी एवं ट्रेण्डिंग ब्राण्ड्स के फैशन फैब्रिक्स की संस्थान पर भरपूर रेंज रखते हैं।




सम्पर्क सूत्र-
98284 08990, 98284 08982

### शिव टेक्सटाइल्स...

श्री अग्रवाल अपनी पुरानी फर्म 'शिव टेक्सटाइल्स' के तहत यूनिफॉर्म फैब्रिक्स की भी होलसेल एवं रिटेल सप्लाई कर रहे हैं। मुख्यतः एस. कुमार,

S.Kumars
The Fabric of India
Since 1948

क्यूमैक्स, वालजी, मफतलाल, वॉकी टॉकी, प्रभुजी, मुकेश, आदिनाथ इत्यादि ब्राण्ड्स का यूनिफॉर्म फैब्रिक्स वाजिब दरों में बिक्री कर रहे हैं।

# TEAM DSR : FABEXA-X

## के एग्जीक्यूशन में निभाई अहम भूमिका




TEAM DSR Executorrs LLP




अहमदाबाद/ Team DSR ने 2024 से FABEXA के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत करते हुए इसके 10 वें संस्करण में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रदर्शनी उद्योग में 2013 से सक्रिय Team DSR ने अपने अनुभव और विशेषज्ञता से इस क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित किए हैं। एग्जीबिशन के ले-आउट प्लानिंग से लेकर मैनेजमेंट, रजिस्ट्रेशन, होस्पिटेलिटी, लोजिस्टिक, ट्रेवलिंग जैसे समस्त काम Team DSR ने बखूबी किये।

Team DSR के मालिक श्री शैल मेहता ने बताया कि FABEXA के एग्जीक्यूशन में हमारी कोर टीम के सदस्य श्री तिर्थ पारेख, श्री जतिन टांक, श्री हर्ष डांगी, श्री वत्सल मोदी, श्री दुष्यंत तलवाड़ी, श्री पार्थ व्यास और श्री योगेश किकाणी ने मुख्य भूमिका निभाई। उन्होंने आगे कहा कि यह टीम के हर सदस्य की मेहनत, समर्पण और प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि FABEXA जैसे बड़े आयोजन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया जा सका। Team DSR ने अपने रणनीतिक दृष्टिकोण और उत्कृष्ट कार्यान्वयन से FABEXA के आयोजन को एक नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। प्रदर्शनी उद्योग में अपने समर्पण और गुणवत्ता के साथ, Team DSR अब एक अग्रणी और विश्वसनीय नाम बन चुकी है।









# बाजार में स्कूल यूनिफॉर्म की पूछ-परख शुरू

**सतना/ बलराम शुक्ला**

लग्न-सावा की ग्राहकी शांत हो गई है। बाजार में सन्नाटा पसरा है और लोगों को उम्मीद है कि लग्न की ग्राहकी लगभग दस जून तक चलेगी, लेकिन 25 अप्रैल से ही बाजार शांत हो गया है। इसका प्रमुख कारण जून-जुलाई में लग्न मुहूर्त का नहीं होना और मानसून का समय से पूर्व आना है। इसलिए लोग नये माल की खरीदी नहीं करना चाहते हैं। आगामी सीजन को देखते हुए स्कूल ड्रेस में ऑर्डर आने शुरू हो गये हैं और मार्केट में मोन्टेक्स, आईमैक्स, स्पर्श की डिमाण्ड ज्यादा है। साथ ही फैंसी में क्यूमैक्स, पोद्दार की मांग है। विगत कुछ वर्षों में सतना, कटनी, रीवा में आईमैक्स की शर्टिंग बिक रही है। इसका प्रमुख कारण रेट का सस्ता होना और क्वालिटी भी दमदार है। इसलिए पिछले कुछ वर्षों से मार्केट में अच्छी पकड़ है।

# कॉटन वस्त्रों की मांग बढ़ी


**उदयपुर/ नवीन कोठारी**

वातावरण में गर्मी बरकरार है तथा कभी-कभी तेज हवाएं और मानसून पूर्व की बूंदाबांदी से थोड़ी राहत मिलने लगी है, लेकिन वापस गर्मी तेज होने से वस्त्र बाजार में कॉटन वस्त्रों की डिमाण्ड बढ़ गई है। रेडीमेड वस्तुओं में हाफस्लीव अथवा स्लीवलेस कॉटन वस्त्र, बरमूडे, हाफआस्तीन शर्ट, स्लीवलेस कुर्तियां एवं होजियरी आयटम की डिमाण्ड बढ़ गई है। साड़ियों में कॉटन बेस एवं सूटिंग-शर्टिंग में कॉटन वस्त्र ही अधिक बिक रहे हैं। जानकारों की माने तो सितंबर माह तक करीबन इसी प्रकार के वस्त्रों की डिमाण्ड बनी रहने के संकेत मिल रहे हैं।












Satkar SUITINGS • SHIRTINGS | Shree Radhey | Shree Laxmi SUITINGS • SHIRTINGS

## टेक्सटाइल उद्यमी एवं समाजसेवी स्व. श्री बंशीलाल जी सोडानी की स्मृति में

# सत्कार ग्रुप द्वारा विशाल रक्तदान शिविर आयोजित



**भीलवाड़ा/ सत्यप्रकाश**

महेश जयंती पर्व पर श्रीनगर माहेश्वरी सभा के तत्वाधान में टेक्सटाइल उद्योग जगत में अग्रणी सत्कार ग्रुप एवं सोडानी परिवार द्वारा 24 मई 2025 को कंपनी परिसर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सत्कार ग्रुप के फाउंडर एवं समाज सेवी स्व. श्री बंशी लाल जी सोडानी की पुण्य स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में सोडानी परिवार के सदस्यों, सगे संबंधियों, टेक्सटाइल उद्यमियों, समाजसेवियों, कर्मचारियों, श्रमिकों, सहित आमजनों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। रक्तदाताओं के रक्त संग्रहण का काम रामस्नेही हॉस्पिटल, भीलवाड़ा ब्लड बैंक, महात्मा गांधी हॉस्पिटल एवं अरिहंत हॉस्पिटल की टीम ने किया।

### दीप प्रज्वलन एवं मंत्रोच्चार के साथ शिविर का शुभारंभ

सत्कार ग्रुप ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ विधिवत तरीके से दीप प्रज्वलन एवं मंत्रोच्चार से की। सेवा, परोपकार एवं दीन दुखियों की सहायता की भावना से सत्कार ग्रुप के ऑनर्स ने एक साधक के रूप में विशाल रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया। शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर उद्योगपति श्री रामपाल सोनी-चेयरमैन संगम इंडिया लि., श्री दिनेश नौलखा-एमडी नितिन स्पिनर्स लि., श्री जयेश बांगड़-एमडी कंचन इंडिया लि., उद्यमी श्री तिलोक छाबड़ा, श्री राधेश्याम चेचाणी, श्री ओम नाराणीवाल, जिला पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र यादव उपस्थित रहे।

### परोपकार की भावना से रक्तदान शिविर का आयोजन -श्री गोविंद प्रसाद सोडानी



सत्कार ग्रुप के डायरेक्टर एवं समाजसेवी श्री गोविंद प्रसाद सोडानी ने कहा कि इस साल श्री नगर माहेश्वरी सभा द्वारा रक्तदान शिविर के आयोजन की जिम्मेदारी हमें दी गई, तो हमारे पूरे परिवार ने खुशी से विशाल रक्तदान शिविर की रूपरेखा तैयार की। हमारे स्व. बाऊजी श्री बंशीलाल जी सोडानी के सेवाकार्यों से प्रेरणा लेकर हमने उनकी पुण्य स्मृति में इस विशाल आयोजन की आधारशिला रखी। भीलवाड़ा शहर की सभी टेक्सटाइल फैक्ट्रीज में डोर-टू-डोर विजिट कर रक्तदान के लिए प्रेरित किया, साथ ही श्रमिक संगठनों से भी सहयोग लिया। इसके अलावा हमारे पूरे परिवार एवं सगे संबंधियों ने भी शिविर के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### सत्कार ग्रुप एवं सोडानी परिवार के प्रयास रंग लाए

श्रीनगर माहेश्वरी सभा, भीलवाड़ा द्वारा हर साल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इस बार महेश जयंती पर्व के उपलक्ष में आयोजित रक्तदान शिविर के आयोजन का जिम्मा सत्कार ग्रुप एवं सोडाणी परिवार को सौंपा। सेवा, संस्कार एवं परोपकार की भावना से प्रेरित सत्कार ग्रुप एवं सोडाणी परिवार के सभी सदस्यों ने रक्तदान शिविर के आयोजन के लिए एक महीने तक अभियान चलाया। रिक्को स्थित सभी फैक्ट्रियों सहित समाजसेवी संगठनों, टेक्सटाइल उद्यमियों, श्रमिक संगठनों को साथ लेकर विशाल रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया। शिविर के आयोजन में टेक्सटाइल उद्यमी श्री राधाकृष्ण सोमानी (सेवलोन सुल्ज), श्री महेश हुरकट (सनग्लो सुटिंग्स), श्री सी.के. संगतानी (संगतानी ग्रुप), श्री ललित पोरवाल (एयरटेक्स), श्री शंभू प्रसाद काबरा (सत्यम सूटिंग), श्री महावीर झंवर (जयकरणी सूटिंग), श्री रामरतन जागेटिया, श्री राज कुमार मेलाना, श्री जुबेर मोहम्मद (स्वराज), समाजसेवी श्री तरुण सोमानी, श्री राकेश काबरा, श्री अंकित सोमानी का विशेष सहयोग रहा।







**सोडानी परिवार की तीन पीढ़ियों ने किया रक्तदान...** रक्तदान शिविर में सोडानी परिवार की तीन पीढ़ियों ने रक्तदान किया। इस दौरान श्री हरक लाल सोडानी, श्री गोपाल सोडानी, श्री गोविंद प्रसाद सोडानी, श्री शिव कुमार सोडानी, श्री रघुनंदन सोडानी, श्री जयप्रकाश सोडानी, श्री लखन सोडानी, श्री नंदन सोडानी, श्री भावेश शाह, श्री शांतिलाल पोरवाल उपस्थित रहे तथा सोडानी परिवार के 29 सदस्यों ने महिलाओं सहित रक्तदान किया।







### लक्ष्य से अधिक 1014 यूनिट्स रक्त संग्रहण


रक्तदान शिविर में टेक्सटाइल उद्यमियों सहित कर्मचारी, श्रमिकों, समाजसेवियों एवं आमजनों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सत्कार ग्रुप का 700 यूनिट्स रक्त संग्रह का लक्ष्य था, परंतु लोगों के जोश एवं उत्साह से 1014 यूनिट्स रक्त संग्रहण हुआ। शिविर में 148 जोड़ो सहित कई परिवारों ने सामूहिक रक्तदान किया, सोडानी परिवार के सदस्यों एवं सगे संबंधियों ने 29 यूनिट्स रक्तदान किया। इसी तरह शिविर में पहुंचे आम जनों ने दिल खोल कर रक्तदान किया। सत्कार ग्रुप द्वारा रक्त दाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा अल्पाहार की भी व्यवस्था की गई।



# चिनार फैब्रिक्स का धमाकेदार ऑफर

## छोटी सी थान खरीदी पर काठमांडू और मनाली भ्रमण का मौका

**भिवानी/** भारत की सूटिंग व शर्टिंग की विशेष मिला चिनार फैब्रिक्स द्वारा आगामी सीजन में काठमाण्डू व मनाली यात्रा आयोजित की जा रही है जिसके लिए देशभर में स्कीम दी गई है। यदि आप काठमाण्डू व मनाली भ्रमण करना चाहते है तो आप चिनार फैब्रिक्स के थोक विक्रेता एवं एजेन्टस से सम्पर्क करें और काठमाण्डू या मनाली भ्रमण के लिए अपना नाम रजिस्ट्रेशन करवाये। वैसे तो चिनार फैब्रिक्स रिटेलर्स को हिल स्टेशन व विदेश भ्रमण करवाती रहती है फिर भी इस बार चिनार फैब्रिक्स एक खास यात्रा केवल छोटी सी थान सेल पर करवाने जा रहा है जिसमें आप काठमाण्डू व मनाली भ्रमण के विशेष पैकेज का लाभ उठाये। मार्केटिंग प्रेसीडेण्ट श्री दीपक अग्रवाल ने बताया कि भारतीय कपड़ा बाजार मे यह स्कीम सबसे किफायती स्कीम है जिसका रिटेलर्स भरपूर लाभ उठायेगें। इस गर्मी के मौसम में रिटेलर्स अपने कार्य के साथ-साथ सैरसपाटा भी कर सकता है।







### विपरीत हालत में भी चिनार फैब्रिक्स ने कपड़ा बाजार में ब्राण्डेड इमेज को आगे बढ़ाया -श्री उज्ज्वल अग्रवाल

जैसा कि आप जानते है कि चिनार फैब्रिक्स में एक दौर ऐसा आया था कि हम सभी आग लगने के कारण स्तब्ध हो गये थे लेकिन श्रीराम की कृपा से व चिनार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कठिन परिश्रम व सहयोग से चिनार फैब्रिक्स आज कपड़ा बाजार में फुल फ्लैस कार्य कर रही है भरपूर मात्रा में सूटिंग एवं शर्टिंग में डिजाइन बाजार में उपलब्ध है जैसा कि आप जानते है कि चिनार फैब्रिक्स भारतीय कपड़ा बाजार में शत् प्रतिशत ब्राण्डेड फैब्रिक्स के नाम से जाना जाता है। जिसने अपनी ख्याति को अल्प समय में हासिल कर लिया था। चिनार प्रॉडक्सन विभाग ने ब्राण्डेड फैब्रिक्स पर पूरा ध्यान दिया हुआ है और उसको बारीकी से जांच-पड़ताल की जाती है कि कपड़े की गुणवता में किसी भी प्रकार की कोई कमी न रह जाये। जो भी नया उत्पाद बाजार में उतारा जाता है उससे पहले उसको जांचा एवं परखा जाता है और सभी पहलुओं पर खरा उतरने के बाद ही उस उत्पाद को बाजार में उतारा जाता है जिससे बाजार में चिनार फैब्रिक्स की ब्राण्ड इमेज बनी रहे।

चिनार फैब्रिक्स ने अपनी ब्राण्डीड इमेज को कपड़ा बाजार में प्रमोट करने के लिए फिल्म सीटी के अच्छे-अच्छे मॉडल्स के जरिये ब्राण्डेड इमेज को प्रमोट किया है। यहा पर मैं बताना चाहता हूँ कि चिनार फैब्रिक्स का मिस यूनिवर्स नेहा धूपिया, मिस इण्डिया निकेता आनन्द, दिनेश बॉक्सर, ब्राण्ड प्रमोशन कर चुके है। यही नहीं देश के महान सन्त बाबा हरदेव जी सन्त निरकारी, बाबा रामदेव, आइस्कॉन के प्रचारक साधु सन्त, सतपाल जी महाराज ने चिनार फैब्रिक्स को अच्छी फैब्रिक्स बताया है। टेक्सटाइल वर्ल्ड पाक्षिक न्यूज पेपर व इसके साथ-साथ पजाब केसरी, दैनिक भास्कर, दैनिक जागरण, हरिभूमि, उमर उजाला, आज समाज व अन्य पत्र पत्रिकाओं के जरिये ब्राण्ड इमेज को प्रमोट किया जा रहा है।

हाल ही में चिनार फैब्रिक्स ने अपने ब्राण्ड इमेज को और ज्यादा प्रमोट करने के लिए इण्डिया न्यूज टी.वी., खबरे अभी तक प्रमोट कर रहा है। चिनार फैब्रिक्स ने अपनी ब्राण्ड इमेज को हर रिटेलर्स तक पहुँचाने के लिए हाल ही में ब्राण्ड वल्यू कैटलोग को बाजार में लांच किया है। इससे भी बहुत ज्यादा ब्राण्ड इमेज प्रमोट हुई है।

चिनार फैब्रिक्स के सभी डीलर्स, एजेन्टस एवं रिटेलर्स ने चिनार की इस पहल को बहुत सराहा है कि जो ब्राण्ड प्रमोशन होना चाहिए था अब चिनार फैब्रिक्स उसको और भी ज्यादा करने में जुटा हुआ है।

### आगामी सीजन की जबरदस्त तैयारी

चिनार फैब्रिक्स ने आगामी सीजन के लिए गुणवतापूर्ण वस्त्रों को बाजार में लांच करने निर्णय लिया है जो एक दम वाजिब एवं बाजार की परिस्थितियों के अनुकूल होंगे। बाजार में आम उपभोक्ता चिनार फैब्रिक्स को ब्राण्डेड फैब्रिक्स के रूप में जानते हैं जो कि बाजार में एक विस्तृत रेन्ज में उपलब्ध है जिसमें हजारो की संख्या में डिजाईन है जो इम्पोर्टिड धागे से निर्मित है।

चिनार फैब्रिक्स ने हाल ही मै चिनार शर्टिंग की विस्तृत रेन्ज बनाकर बाजार में लांच किया था जिसकी रिकार्ड तोड़ बुकिंग हुई है। शर्टिंग में हजारो डिजाइन अच्छे-अच्छे कलर एवं वाजिब दामों पर बाजार में उपलब्ध है। चिनार फैब्रिक्स अपने रिटेलर्स के लिए वाजिब स्कीम के साथ लिनन कॉटन, कॉटन आईटम्स बाजार में लांच किय जा चुके है। श्री अग्रवाल ने बताया कि चिनार फैब्रिक्स अपनी ब्राण्ड इमेज को बाजार में दो कदम आगे बनाये हुये है और इससे मार्केट में मिल को अच्छा लाभ मिल रहा है। हम आगामी सीजन के लिए अपने डीलर्स की मांग के अनुसार कपड़ा निर्मित करने जा रहे है जो कि उनको समय पर उपलब्ध करवाया जायेगा। यदि डीलर्स को समय पर और सीजन के अनुसार माल मिल जाये तो वह अच्छा लाभ कमा सकता है। इसी सोच के साथ चिनार परिवार बाजार में अपनी साख, गुणवता एवं ब्राण्ड इमेज को बनाये हुये है। श्री अग्रवाल ने बताया कि चिनार फैब्रिक्स ने काठमाण्डु, मनाली भ्रमण योजना बाजार मे लांच की है। हमे पूरा विश्वास है कि रिटेलर्स इसका भरपूर लाभ उठायेंगे।


## सदस्यता फॉर्म

**टेक्सटाइल वर्ल्ड** SINCE 1998
वस्त्र उद्योग जगत का सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र

मान्यवर,

आपको यह जानकारी देते हुए अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है कि टेक्सटाइल उद्योग जगत का एक मात्र सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' आज दिल्ली, अमृतसर, लुधियाना, रोहतक, मुम्बई, भिवण्डी, नागपुर, अमरावती, पूना, इचलकरंजी, सोलापुर, सूरत, अहमदाबाद, गोरखपुर, आगरा, कोलकाता, ग्वालियर, रायपुर, उज्जैन, इन्दौर, रांची, हैदराबाद, सिकंदराबाद, कोयम्बटूर,बुरहानपुर, बंगलुरू, चैन्नई, सेलम, मालेगांव, इरोड़, बरेली, मुरादाबाद, भीलवाड़ा, जोधपुर, बालोतरा, पाली, जयपुर, उदयपुर सहित पूरे देश में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक सम्पूर्ण टेक्सटाइल क्षेत्र में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार है और यह सब आप जैसे जागरूक पाठकों के सहयोग से ही संभव हो पाया है।

आपके लिए 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' किस प्रकार उपयोगी है:- क्योंकि यह एक अखबार ही नहीं अपितु एक महत्त्वपूर्ण सूचना प्रदायक दस्तावेज है जिसमें पूरे देश की वस्त्र मण्डियों के समाचारों के साथ-साथ फाइबर से लेकर फैब्रिक, मशीनरी, केमिकल आदि के संबंध में केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा जारी महत्त्वपूर्ण नीतियों का समावेश होता है। यह आप के व्यापार की श्रीसमृद्धि में निश्चित रूप से अभिवृद्धि करने में सहायक सिद्ध होगा।

नोट - ऑफर सीमित समय के लिये

| वर्ष | ऑफर | प्रतियां | कोरियर द्वारा |
|---|---|---|---|
| ☐ 1 वर्ष | --------- | 24 | रु. 600 |
| ☐ 2 वर्ष | --------- | 48 | रु. 1000 |
| ☐ 4 वर्ष | +1 वर्ष की सदस्यता फ्री | 120 | रु. 2400 |

**PAYMENT DETAILS**
SSS MEDIA PUBLICATIONS PRIVATE LIMITED
HDFC Bank, SABUN MARG - BHILWARA
A/c no. 50200075306932
Ifs code - HDFC0001959

**हाँ, मैं 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' समाचार पत्र की सदस्यता प्राप्त करना चाहता हूँ:-**

☐ एक वर्ष ☐ तीन वर्ष ☐ पांच वर्ष

नाम एवं पद ....................

कम्पनी/फर्म का नाम : ....................

पता : ....................

....................पिन कोड नं. ....................

मोबाइल नं.....................फोन नं.....................

**कैटगरी**
☐ निर्माता ☐ प्रोसेसर ☐ स्पिनर ☐ निर्यातक ☐ आयातक
☐ एजेण्ट ☐ डीलर ☐ होलसेलर ☐ रिटेलर ☐ डिजाइनर
☐ कंसल्टेंट ☐ इंस्टीट्यूट ☐ अन्य ....................

**डीलिंग**
☐ सूटिंग ☐ शर्टिंग ☐ साड़ी ☐ ड्रेस मटीरियल ☐ रेडिमेड गारमेण्ट
☐ होजयरी ☐ मशीनरी ☐ केमिकल ☐ यार्न ☐ पैकेजिंग मटीरियल
☐ होम फर्निशिंग ☐ अन्य ....................

सदस्यता हेतु चैक/ड्राफ्ट नं. .................... दिनांक .................... रु. .................... 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' के नाम से प्रेषित है।

विशेष- यदि आप पत्रकार के रूप में आपके यहां के टेक्सटाइल मार्केट की न्यूज भी हमें भेजना चाहते हैं तो कृपया 9468835188 पर whatsapp सम्पर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करालें।

417, 4th FLOOR, COMMERCIAL MALL, GOVINDAM, OLD RTO ROAD, BHILWARA-311001
Tel: 01482-237165 | E-mail: textileworldtw@gmail.com | Web: www.textileworld.org

## THE SECRET WARDROBE HACK POWER CLOTHING

Ever walked into a room and felt like all eyes were on you—not because of what you said, but because of the way you walked, the way you looked... the way you carried yourself? That's the silent influence of Power Clothing—and no, it's not just for CEOs in boardrooms.



## POWER CLOTHING

Power clothing isn't about expensive brands or trend-driven fashion. It's about choosing outfits that make you feel in control, capable, and confident—before you even speak a word.

**It's the difference between getting dressed and getting ready to conquer.**

- Think: a sharply tailored blazer, a perfectly-fitted kurta, your go-to lipstick, or even just your crisp white shirt.
- It's personal. It's intentional. And yes—it works.

**Transform Your Presence →**

## WHY YOU SHOULD HAVE A POWER CLOTHING SECTION IN YOUR WARDROBE

We all have those days where motivation is low or confidence feels shaky. But if you have a go-to section of power pieces, you won't waste energy debating what to wear. Instead, you reach for something that instantly activates your best self.

**A dedicated power section means:**

- Less decision fatigue
- More emotional consistency
- A faster way to reset your mindset

***It's like keeping a first-aid kit—but for your self-esteem.***

**@imagenhancewithpooja**
**Written by - Pooja Saxena**
**Mob.**
**70460 11170**
**Email:**
**Imagenhancewithpooja@gmail.com**



Our portfolio of brands
SHIVANI CLOTHING MUMBAI | Fashion Flair | zaccari ITALY LUXURY SUITINGS | donzito PREMIUM SHIRTINGS | RAJASYA THE ETHNIC COLLECTION
J-3, 1st Floor, Shree Arihant Compound, Reti Bunder Road, Kalher, Bhiwandi-421302 (MH.)
Contact for trade enquiry: 8805340131, E-mail: shivaniclothing@gmail.com



Available at all the leading retail outlets and Siyaram's Shops across the country. For trade/corporate enquiries, contact: 022-68330500. Toll-free No.: 1800 209 4005.
For franchise enquiries, contact: 09820197273. Email: enquiries@siyaram.com | www.siyaram.com Follow us on:

## सम्पादकीय....

# मोदी सरकारः 11 वर्ष का लेखा जोखा, विपक्ष के विकल्प फेल

मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा की ओर से ब्लॉक से लेकर जिले तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करना और विपक्ष की ओर से मोदी शासन को नाकाम बताना स्वाभाविक है। विपक्ष सरकार की निंदा-आलोचना करते समय यह भी ध्यान रखे तो अच्छा होगा कि 11 वर्ष बाद भी वह विकल्प बनने की स्थिति में आता हुआ नहीं दिख रहा है। इससे यदि कुछ पता चले तो यही कि मोदी सरकार ने अपने इस लंबे कार्यकाल में कुछ ऐसे काम किए हैं, जिनसे देश की जनता संतुष्ट है। इसके पीछे मोदी सरकार के कुछ साहसिक फैसले और कारगर साबित होने वाली योजनाएं एवं कार्य प्रमुख हैं। जनधन, उज्ज्वला, आयुष्मान जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव लाने का काम किया है।

देश में आधारभूत ढांचे का बड़े पैमाने पर जो निर्माण हुआ और जिससे लोगों का जीवन सुगम हुआ, उसकी अनदेखी कोई नहीं कर सकता। मोदी सरकार ने अपने पहले, दूसरे और इस तीसरे कार्यकाल में कई ऐसे फैसले लिए, जो मील का पत्थर साबित हुए है। कुछ फैसले तो इतने साहसिक रहे कि उनके बारे में सोचना भी कठिन था, जैसे सीमा पार सर्जिकल स्ट्राइक, तीन तलाक को आपराधिक कृत्य के दायरे में लाना, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निष्क्रिय करना, अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण, पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक करना आदि कार्य किया है।

इसी तरह महिला आरक्षण कानून, वक्फ कानून में संशोधन और अभी हाल में पाकिस्तान को पस्त एवं विश्व को दंग करने वाले आपरेशन सिंदूर का कठोर निर्णय लेना भी शामिल है। कोविड महामारी के बाद भी अर्थव्यवस्था को संभाले रखने और देश को चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था तक पहुँचाने के साथ भारत को डिजिटल बनाने विश्व में देश की प्रतिष्ठा बढ़ाने के जो काम किए गए, उनकी उपेक्षा करने का कोई औचित्य नहीं है। साथ ही यह भी ध्यान रहे कि कुछ योजनाएं और फैसले अपेक्षित नतीजे नहीं दे सके, जैसे-स्मार्ट सिटी एवं आदर्श ग्राम योजना, नोटबंदी आदि। नई शिक्षा नीति के बाद भी शिक्षा के मोर्चे पर कुछ ठोस प्रगति नहीं दिख रही है। इसी तरह न्यायपालिका में सुधार नहीं हो सका। इसका एक कारण तो सुप्रीम कोर्ट की ओर से अड़ंगा लगाना रहा, लेकिन समझना कठिन है कि नौकरशाही में सुधार को सरकार ने अपने एजेंडे में क्यों नहीं लिया? शीर्ष स्तर की नौकरशाही को छोड़ दें तो कुल मिलाकर पहले की तरह ही काम कर रही है।

लोग उसके रवैये से त्रस्त हैं। कम से कम अब तो नौकरशाही में सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। नए आपराधिक कानून लागू करने के बाद सुधार पर भी ध्यान देना आवश्यक है। इसके साथ ही जनता को जागरूक कर उसे अपने कर्तव्यों के प्रति सजग भी करना चाहिए। दुर्भाग्य से यह काम अपनी नकारात्मकता के चलते विपक्ष भी नहीं कर रहा है।

कुछ नया, कुछ अलग •

# चाणक्य से जानें जीवन, राजनीति और सफलता के रहस्य



श्री हरेश मेहता
प्रेसिडेंट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरु)

नमस्ते मित्रों,

महान मगध साम्राज्य के नंद वंश का अंतिम शासक धनानंद अपने अत्याचारी, दमनकारी और भ्रष्ट शासन के लिए जाना जाता था। विलासिता में डूबे हुए धनानंद के शासनकाल में जनता पर अत्यधिक कर थोप दिए गए थे। धनानंद की जनविरोधी नीतियों इस कदर कठोर थी कि जो मंत्री प्रजा के हित में कुछ करना चाहते थे, उन्हें कैद कर लिया जाता था। जिसके कारण मगध साम्राज्य में चारों ओर अराजकता का वातावरण फैला हुआ था। ऐसे में मगध की पीड़ित जनता एक ऐसे नेतृत्व की तलाश में थी, जो उन्हें इस अत्याचार से मुक्ति दिला सके और राज्य में पुनः शांति और न्याय स्थापित कर सके। इतिहास गवाह है कि जब भी अत्याचार अपनी सीमाएं लांघता है, तब परिवर्तन की आंधी अवश्य उठती है। इस आंधी का नाम था 'चन्द्रगुप्त मौर्य'। एक साधारण परिवार में जन्मा चन्द्रगुप्त असाधारण व्यक्तित्व का धनी था। उसकी इसी क्षमता को पहचाना तक्षशिला के महान विद्वान आचार्य चाणक्य, जो धनानंद की नीतियों से अत्यंत परेशान थे और मगध को एक नया नेतृत्व देना चाहते थे। आचार्य चाणक्य ने तक्षशिला में चंद्रगुप्त को युद्धनीति, राजनीति, कूटनीति, अर्थशास्त्र और धर्म के गूढ़ रहस्यों में पारंगत किया। चाणक्य की दूरदृष्टि और चंद्रगुप्त की दृढ़ इच्छाशक्ति ने मिलकर भारतवर्ष के सबसे महान वंश की नींव रखी, जिसका नाम था मौर्य वंश। आचार्य चाणक्य भले ही आज से लगभग 2300 वर्ष पूर्व हुए थे, लेकिन उनकी कही बातें आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं। आचार्य चाणक्य ने अपने विचारों और जीवन के गूढ़ अनुभवों को 'नीतिशास्त्र' नामक ग्रंथ में संकलित किया है। इस ग्रंथ में उन्होंने धर्म, राजनीति, नैतिकता, शिक्षा, नेतृत्व और व्यक्ति के आचरण से जुड़ी कई अमूल्य बातें कहीं। आचार्य चाणक्य का मानना था कि सफलता उन्हीं को मिलती है जो धैर्यवान होते हैं और अपने लक्ष्य के प्रति पूर्णतः समर्पित रहते हैं। उनके अनुसार, जीवन में कितनी भी कठिन परिस्थितियाँ क्यों न आ जाएँ, यदि व्यक्ति अपने सिद्धांतों पर अडिग रहता है और निरंतर प्रयास करता है, तो सफलता अवश्य उसके कदम चूमती है। चाणक्य ने स्पष्ट रूप से कहा है कि असफलता केवल अस्थायी होती है, लेकिन यदि व्यक्ति धैर्य खो दे और प्रयास करना ही छोड़ दे, तो सफलता उससे कोसों दूर चली जाती है।

चाणक्य के अनुसार व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनना चाहिए। आत्मनिर्भर व्यक्ति न केवल अपने फैसलों में स्वतंत्र होता है, बल्कि जीवन की कठिन परिस्थितियों में भी दूसरों पर निर्भर हुए बिना समाधान खोजने की क्षमता रखता है। चाणक्य मानते थे कि जब व्यक्ति स्वयं पर भरोसा करना सीख जाता है, तभी वह सच्चे अर्थ में आत्मविश्वास को प्राप्त करता है। आचार्य चाणक्य के अनुसार, जीवन में सफलता और संतुलन पाने के लिए अनुशासन का होना भी अत्यंत आवश्यक है। उनका मानना था कि अनुशासन केवल बाहरी व्यवहार तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह हमारे विचारों, वाणी और कर्मों पर भी लागू होता है। जब व्यक्ति अपने मन में उठने वाले ख्यालों को नियंत्रित करना सीखता है, तो वह भ्रम और भटकाव से बचता है। इसी प्रकार, वाणी पर नियंत्रण रखने से वह अनावश्यक विवादों से बचता है और संबंधों में मधुरता और विश्वास भी बनाए रखता है। आचार्य चाणक्य के अनुसार, किसी भी बुद्धिमान व्यक्ति के लिए यह आवश्यक है कि वह स्वयं को परिस्थितियों के अनुसार ढालना सीखे। जीवन में परिस्थितियाँ एक समान नहीं रहती है, बल्कि निरंतर बदलती रहती हैं। जो व्यक्ति समय और स्थिति के अनुरूप स्वयं को ढालने की क्षमता विकसित कर लेता है, वही जीवन में सफलता प्राप्त कर सकता है। जब यह गुण विकसित हो जाता है, तो व्यक्ति किसी भी चुनौती या परिवर्तन का सामना दृढ़ता और सूझबूझ के साथ कर सकता है।

तक्षशिला के एक गरीब ब्राह्मण परिवार में जन्मे चाणक्य ने अपने ज्ञान, नीति और दूरदृष्टि से भारतवर्ष को एक सूत्र में बाँधने का कार्य किया तथा चंद्रगुप्त मौर्य जैसे महान सम्राट को गढ़कर पाटलिपुत्र की गद्दी पर प्रतिष्ठित किया। उनकी नीतियाँ आज भी हमें अनुशासन, धैर्य, आत्मसंयम और दूरदृष्टि जैसे गुण सिखाती हैं। यदि हम भी अपने जीवन में उनकी नीतियों का अनुसरण करें, तो निश्चय ही हम एक सफल जीवन जी सकते हैं। इसी उम्मीद के साथ, मैं आज की बात को आचार्य चाणक्य के एक प्रेरणादायक सुविचार के साथ विराम देना चाहता हूँ।

**'जो व्यक्ति अपने उद्देश्य के प्रति सच्चा होता है, वह कठिन परिस्थिति में भी सफलता प्राप्त कर सकता है।'**

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

# राष्ट्र, समाज और परिवार में इमोशनल इंटेलीजेंस की महत्ता

**क्या आपने कोको मूवी देखी है?**



श्री सुनील भटनागर
प्रोफेसर एवं टेक्सटाइल
सम्पर्क-74258 13125

इसमें परिवार और परंपरा की महत्वता को बड़े सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया है। इसमें एक पोता अपने ग्रेट ग्रेंड फादर को उसकी पहचान दिलवाने के लिए उनके कत्ल करने वाले दुश्मन को पकड़वाता है। इसमें एक डायलॉग है - परिवार वहीं होता है, जो मुश्किल समय में अपनों का साथ देते हैं।

अभी हम सबने 15 मई को अंतरराष्ट्रीय 'परिवार दिवस' मनाया है। परिवार में वह लोग शामिल होते है, जो हमें जन्म से मिलते हैं। पहले जन्म होते ही दादा-दादी, नाना-नानी, फूफा-भूआ, चाचा-चाची, ताऊ-ताई फिर दादा के भाई-बहिन इत्यादि रिश्ते मां के परिवार में मिल जाते थे। संबंधों को निभाने में इमोशनल इंटेलीजेंस का बड़ा प्रभाव पढ़ता है। इसके द्वारा एक मैनेजर विपरीत परिस्थिति में भी दूसरों से संस्थान के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर सकता हैं। इमोशनल इंटेलीजेंस के द्वारा हम अपने आसपास के लोगों से यानी घर, समाज कार्यक्षेत्र में रिजल्ट प्राप्त कर सकते हैं, चाहे वह आपके पक्ष में हो या विपक्ष में। एक इमोशनल इंटेलीजेंस वाला व्यक्ति जानता है कि स्वयं के लिए और दूसरे के लिए महत्त्वपूर्ण 'क्या' है। आज बच्चे विदेश की नकल पर मां-बाप और केयरटेकर के अलावा मां-बाप के मित्रों को ही जानते है। मोबाइल और लैपटॉप गेम्स ने उनकी रिश्तों की अहमियत कम कर एक दूर अंधकारमय भविष्य की और धकेल दिया। अभिनेता सुशांत सिंह आज हमारे बीच में होते, अगर वह परिवार के साथ होते और खुश रहने के लिए टेंपरेरी चीजों की और नहीं जाते। सफलता पर बने रहने के लिए परिवार के साथ जुड़ा होना जरूरी है। पहले संयुक्त परिवार की बेटियों को लोग अपनें घर की बहुएं बनाना चाहते थे, लेकिन जहाँ बर्तन होंगे, वहाँ खटपट होगी ही। मगर, संयुक्त परिवार के फायदे बहुत है। लोग खुशी और गम में परिवार की खुशियों में शामिल होकर खाना और मेहमानों का स्वागत करने में हाथ बटाकर खुशी महसूस करते हैं, जबकी बड़े बच्चे, छोटे बच्चो को संभालकर मां-बाप की मदद करते थे। एक-दूसरे की सहूलियत का ध्यान रखकर रिश्ते निभाए जाते थे। परिवार ही सॉफ्ट स्किल की पाठशाला है। उस समय लोग अपने बच्चों के रिश्ते जोड़ने का काम भी कर लेते थे। संयुक्त परिवार अब मुश्किल से भारत में लगभग 30 प्रतिशत ही रह गए है। मनोवैज्ञानिक दृष्टि से संयुक्त परिवार के बच्चे, एकल परिवार से मानसिक रूप से ज्यादा मजबूत होते है और वह अपने क्षेत्र में सफल नेता बनते हैं। जब बच्चे अपने मां-बाप को दादा-दादी की सेवा करते देखते हैं, तो उनके अंदर भी सेवा भावना आती है। अपने खिलोने और खाने की वस्तुएं अपने कजिंस के साथ शेयर करने से उनके अंदर कॉम्पेसन प्रेम चेहरे पर दिखता है। जिस प्रकार नदी अगर सीमा में रहें, तभी वह आसपास की चीजों की प्राण शक्ति है, वरना बिना अनुशासन के विनाश। परिवार को जोड़ने और संस्कार को बनाएं रखने में स्त्री की भूमिका मायने रखती है। एक स्त्री, दो परिवार की संस्कृति को संजोए रखने में सहायक होती है। तो गलती कहा पर है?

**कहीं हम अपने पैरो पर कुल्हाड़ी तो नहीं मार रहें?**

छुट्टियों में डेस्टिनेशन वेकेशन की बजाए दादा-दादी,नाना-नानी के घर समय बिताना काफी कुछ सीखने को मिलता है। 60/70 के दशक में संयुक्त परिवारों की संख्या आज के समय से ज्यादा थीं। कोरोना काल के बाद लोगों में परिवार की महत्त्वता बढ़ी है। अमेरिका में सबसे ज्यादा सफर उन लोगों ने किया, जिनको देखने वाला अपना नहीं था।

**आप क्या सोचते हैं?**

**क्यों EQ को IQ से ज्यादा अहमियत देनी चाहिए?**

- EQ द्वारा हम दूसरे की भावना को ध्यान में रखकर कार्य करते है।
- निर्णय लेने में EQ मदद करता है।
- इमोशन द्वारा ही हम यह सोच पाते है कि हम क्या और किस प्रकार लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

आज भारतीयों में विदेशों की तर्ज में तलाक, घरेलू हिंसा, कोर्ट केस, एडल्ट्रेशन, बच्चों की चाह में कमी इत्यादि में बढ़ोतरी हो रही है, जो कि सही नहीं है। परिवार को जोड़े रखने के लिए परंपरा और परिवार से जुड़े रहना महत्वपूर्ण कड़ी है। एक मजबूत राष्ट्र, समाज और संस्थान परिवार की मजबूती से बनते हैं।

# मानसून के साथ रेडीमेड गारमेण्ट में ग्राहकी धीमी

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय...** मानसून की आहट के साथ रेडीमेड गारमेण्ट में ग्राहकी धीमी पड़ गई है। वैवाहिक सीजन की भी मांग नहीं होने से रिटेलर्स ने अपने बचे स्टॉक को कम करने की योजना पर काम करना शुरू कर दिया है। बाजार में इस समय फैंसी कपड़ों में ग्राहकी पूरी तरह से खत्म हो चुकी है, परंतु रेडीमेड गारमेण्ट में कामकाज थोड़ा हो रहा है। रिटेलर्स को 10 जून तक रेडीमेड गारमेण्ट में कारोबार होने की उम्मीद है। उसके बाद रेडीमेड गारमेण्ट में खुदरा कारोबार मंदा हो जाएगा। गारमेण्ट उत्पादक विंटर सीजन और वैश्विक बाजार में उपलब्ध अवसरों का दोहन करने के साथ आगामी त्योहारी सीजन के लिए कमर कसकर तैयारियों में जुटने लगे हैं। भारत कई देशों के साथ मुक्त व्यापार करार करने की दिशा में आगे बढ़ चुका है। साथ ही दिसम्बर तक करीबन आठ से दस देशों के साथ करार किए जा सकते हैं। आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत के गारमेण्ट निर्यातकों के लिए जो प्रतिकूल स्थितियां है, वह उद्योग जगत के लिए ग्रोथ का मार्ग प्रशस्त करेगा। सूत्रों का कहना है कि इन सभी कारणों से भारत से रेडीमेड गारमेण्ट का शुल्क मुक्त निर्यात में भारी भरकम वृद्धि होने की संभावना है। आगामी तीन वर्षो में भारत से गारमेण्ट का निर्यात कई गुना अधिक हो सकता है। भारत यूके के लिए चौथा सबसे बड़ा गारमेण्ट सप्लायर्स है। भारत पर 9.60 प्रतिशत का जो टैरिफ डिसएडवांटेज था, वह दूर होगा और यूके के बाजार में भारत की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ेगी। बांग्लादेश से सड़क मार्ग द्वारा गारमेण्ट आयात पर रोक लगने से भारत के गारमेण्ट उत्पादकों को इसका भरपूर लाभ होने की संभावना है। देश में गारमेण्ट का उत्पादन तथा मांग दोनों बढ़ेगी। गारमेण्ट इकाइयों में उत्पादन जो अभी अधूरी क्षमता पर हो रहा है, इसकी निर्यात मांग बढ़ने पर इन इकाइयों में पूरी क्षमता के साथ कार्य होने लगेगा। इसका लाभ कपड़ा और यार्न को हो सकता है, परंतु गारमेण्ट उत्पादक अभी भाव बढ़ाने की स्थिति में नहीं होंगे।

**सीएमएआई फेयर -** जून में सीएमएआई का 81वाँ नेशनल फेयर दो चरणों में आयोजित होने जा रहा है। किड्स वियर का फेयर 23 से 25 जून को एवं मेन्स व लेडीज वियर का फेयर 14 से 16 जुलाई को होने जा रहा है। सीएमएआई का नार्थ इंडिया गारमेण्ट फेयर जिसका आयोजन 26 से 28 मई तक नार्थ में होने वाला था, वह भारत-पाक के बीच तनाव के कारण स्थगित कर दिया गया। अब इसका आयोजन नवम्बर में प्रस्तावित है। इससे पूर्व दी फैब्रिक सप्लायर्स एसोसिएशन के टेक्स ट्रेड, बीटूबी में पेश किए गए गारमेण्ट की विंटर रेंज, जिसमें जेंट्स वियर, लेडीज वियर, चिल्ड्रन वियर, निट वियर, पार्टी वियर, एथनिक वियर और सूटिंग-शर्टिंग, डेनिम को अच्छा रिस्पॉन्स मिलने की उम्मीद है।

# मानसून सक्रिय होने से कपड़ों की मांग कमजोर यार्न मजबूत एवं सूती ग्रे कपड़ों में स्थिर रूख

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय**

वैवाहिक सीजन की मांग पूरी होने और बारिश की शुरूआत होने से कपड़ों की मांग घटने लगी है। देश में मानसून समय से पहले आ धमका है। कपड़ों में कारोबार इस दौरान हमेशा मंदा ही रहा करता है। जब देशभर में मानसून सक्रिय हो जाता है, तब देसावरों से ऑर्डर आने कम हो जाते हैं। पहले के ऑर्डरों में पेचीदगी आने की संभावना बढ़ जाती है। इस दौरान करीब दो महीने तक कपड़ा कारोबार धीमी गति से और कुछ खास वैरायटियों में होता रहता है। वैश्विक परिदृश्य में देखा जाए तो भारतीय कपड़ों के लिए क्षितिज बढ़ा है, परंतु जमीनी स्तर पर हकीकत कुछ अलग ही दिखाई दे रही है। कारीगरों की कमी के कारण भिवंडी में ग्रे सूती कपड़ों का उत्पादन कम हो गया है, लेकिन यार्न मजबूत है। इसलिए ग्रे सूती कपड़ों के भाव में उछाल है, परंतु ऊँचे भाव पर सूती ग्रे कपड़ों में सौदे ढ़ीले पड़ गए है। लेवाली कम होने पर भी ग्रे सूती कपड़ों के भाव मजबूती के साथ स्थिर है। कपड़ों की पाइपलाइन खाली है और कुछ समय तक लेवाली में अवरोध है, लेकिन जैसे ही देसावरों के कारोबारियों, कपड़ा निर्यातकों और स्थानीय बाजारों में कपड़ों की मांग निकलनी शुरू होगी, फिर से ग्रे कपड़ों में उठाव बढ़ेगा।

भारत के कपड़ा उद्योग का भविष्य सरप्लस एवं सस्ती रूई की आपूर्ति पर निर्भर है। कपास के न्यूनतम समर्थन मूल्य में आठ प्रतिशत की वृद्धि की गई है। पहले अनुमान था कि इसमें करीबन छह प्रतिशत की वृद्धि की जा सकती है। कपास के समर्थन भाव में अच्छी वृद्धि करने के बाद माना जा रहा है कि देश में कपास की बुवाई का क्षेत्रफल घटने के बदले कदाचित स्थिर रह सकता है, लेकिन मौजूदा समय में संकर 6 रूई का भाव 54000 से 55000 रू प्रति गांठ है, जबकि अंतरराष्ट्रीय भाव 50000 से 52000 रू के बीच है। देसी रूई का भाव वैश्विक भाव से अभी अधिक है। यदि वैश्विक भाव बढ़ता भी है, तो दोनों में अंतर बना रहेगा। निर्यात कारोबार बढ़ने का अनुमान है। बाजार में करंट नहीं है। कपड़ा मैन्युफेक्चरर्स विंटर सीजन की तैयारियों में जुट गए हैं। विंटर सीजन के दौरान शर्टिंग में डार्क कलर चैक्स एवं इंडिगो चैक्स जैसी वैरायटी की मांग रहने का अनुमान है, यद्यपि शर्टिंग में सेम्पलिंग जून माह के प्रारंभ में शुरू होने की उम्मीद है। सर्वप्रथम सेम्पलिंग कार्य पूरा हो जाए, तो उसके बाद स्थिति स्पष्ट होगी। अभी कपड़ा उत्पादकों का ध्यान विंटर सीजन पर है। इस बीच गारमेण्ट की निर्यात मांग में अच्छी वृद्धि दिखाई दी है। गारमेण्ट निर्यातक इकाइयों में उत्पादन पर अधिक जोर होने से गारमेण्ट में इस्तेमाल शर्टिंग का कारोबार अच्छा हो रहा है। यदि गारमेण्ट की खपत इसी तरह से बढ़ती रही, तो कपड़ा और यार्न को भी भरपूर सपोर्ट मिलेगा। कपड़ा और यार्न एक-दूसरे के पूरक है।

टेक्सटाइल उद्योग सूत्रों का कहना है कि देश में कपड़ा उद्योग का आकार फिलहाल 165 बिलियन डॉलर के आसपास है। वर्ष 2030 तक इसका कद 350 बिलियन डॉलर तक पहुँचाने के लिए कपड़ों का उत्पादन गुणवत्तापरक करने हेतु उद्योग में मॉडर्न मशीनरी की जरूरत होगी। अनुमान है कि चार लाख हाई स्पीड वीविंग मशीन लगाने के लिए करीब 15 बिलियन डॉलर निवेश करने होंगे एवं आधुनिक वीविंग मशीनरी का आयात करना होगा। केंद्र सरकार की हर संभव कोशिश वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की है। इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए मैन्युफेक्चरिंग क्षेत्र पर अधिक जोर देना है। भारत का यूके के साथ मुक्त व्यापार करार हो चुका है। जून माह के अंत तक भारत एवं अमेरिका के बीच मध्यम अवधि का व्यापार करार होने की संभावना है। इतना ही नहीं भारत का ऐसे ही करीबन आठ से दस देशों के साथ एफटीए करार पर बातचीत चल रहीं है। माना जा रहा है कि यूरोपियन यूनियन के साथ दिसम्बर अंत तक इसी तरह के करार होने की संभावना है। इन सभी कारणों से भारत से रेडीमेड गारमेण्ट का शुल्क मुक्त निर्यात बढ़ने की उम्मीद की जा रही है। इसका सीधा असर कपड़ों के साथ यार्न पर होगा। देश में कपड़ों के उत्पादन में निर्यात पर अच्छी वृद्धि के संकेत है। गारमेण्ट निर्यात में हो रही वृद्धि कपड़ा कारोबार के लिए नये द्वार खोलने का काम कर रही है। विशेषकर गारमेण्ट और होम टेक्सटाइल के क्षेत्र में अच्छे कारोबार की संभावना है। गारमेण्ट के क्षेत्र में हमेशा से नये ट्रेड सेट करने वाले उत्पादकों एवं सप्लायरों ने इस दिशा में ठोस कदम उठाया है और इसका लाभ आगामी दिनों में कपड़ा उद्योग को मिलना तय माना जा रहा है। वैश्विक मांग के अनुकूल कपड़ों का उत्पादन एवं आपूर्ति कर बाजार का कद बढ़ाया जा सकता है।

जय चिंतु ॐ अर्हम् जय महाश्रमण
SANTOSH TEXTILE AGENCY
SUNITA TEXTILE AGENCY
कॉन्फ्रेंस संबंधित फाइनल सूचना
तारीख : 21 मई 2025
STA Buyers & Suppliers Meet 2025, Siliguri
28 से 29 जून (शनिवार से सोमवार)
बैंक डिटेल
Bank of Baroda
Account Holder : Bachhraj Bothra
A/C No. 77730100005377, IFSC - BARB0VJSILI
कॉन्फ्रेंस बुकिंग अंतिम तारीख
31 मई 2025
सिलीगुड़ी संपर्क सूत्र
बच्छराज बोथरा 9434045814 / 7490045814
नवीन सिंह 8509704706
सूरत संपर्क सूत्र
संतोष बोथरा 9302805633
भरत सेठिया 9624321999
जयपुर संपर्क सूत्र
सूरज शर्मा 9649105726
SANTOSH TEXTILE AGENCY | SUNITA TEXTILE AGENCY | SHREE RAM TEXTILE AGENCY | J.D. SALES AGENCY
Siliguri, Jaipur, Surat, Raipur, Patna
SURAT
Shri Ram Textile Agency
A-101-103, India Textile Market, Ring Road Surat,
Ph.: 0261-4895633,
Mob: 93028-05633, 72260-56332
RAIPUR
Shri Ram Textile Agency
JAIPUR
Shri Ram Textile Agency
Sunita Textile Agency
PATNA
J.D. Sales Agency

## उत्पादन में गिरावट का असर


# पाक कॉटन आयात बिल 114 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा...** उत्पादन में गिरावट के कारण चालू वित्त वर्ष 2024-25 (पाकिस्तान का वित्त वर्ष जुलाई-जून होता है) के जुलाई से अप्रैल तक पाकिस्तान के कॉटन आयात बिल में 114 प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्ज की गई है। जानकारों का कहना है कि जुलाई से अप्रैल के दौरान पाकिस्तान ने 2.545 बिलियन मूल्य की कॉटन का आयात किया है, जो गत वर्ष की इसी अवधि के आयात 1.189 बिलियन डॉलर की तुलना में 114 प्रतिशत अधिक है। गत वर्ष पकिस्तान का कॉटन आयात बिल1.6 बिलियन डॉलर का था। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान विश्व का चौथा सबसे बड़ा कॉटन उत्पादक देश है तथा टेक्सटाइल उद्योग की मांग को पूरा करने के लिए आयात करना पड़ता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आरंभ में अनुमान था कि चालू वित्त वर्ष यानि 2024-25 के दौरान पाकिस्तान का कॉटन आयात बिल लगभग 1.9 बिलियन डॉलर का होगा, लेकिन उत्पादन में भारी गिरावट के कारण सारा गणित बिगड़ गया। कॉटन के उत्पादन में गिरावट के कारण न केवल पाकिस्तान का कॉटन आयात बिल बढ़ा है, अपितु टेक्सटाइल निर्यात में भी गिरावट आई है। पाकिस्तान में वर्ष 2024-25 के दौरान कॉटन उत्पादन में लगभग 33 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है।

**आयात-** अमेरिका ने पाकिस्तान से आयात पर 29 प्रतिशत की ड्यूटी लगाई है और वह इस बारे में ट्रम्प प्रशासन से बातचीत कर रहा है तथा पाकिस्तान वहाँ से कॉटन और सोयाबीन का आयात करके ड्यूटी के भार से बचने का प्रयास कर रहा है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान से टेक्सटाइल का अधिकांश निर्यात अमेरिका को किया जाता है।

**टेक्सटाइल और गारमेण्ट-** मीडिया रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में पाकिस्तान का टेक्सटाइल उद्योग संकट के दौर से गुजर रहा है तथा अनेक टेक्सटाइल मिलें बंद हो गई हैं। जानकारों का कहना है कि पाकिस्तान की टेक्सटाइल मिलों को न केवल कॉटन की कमी और उसके ऊँचे भाव का सामना करना पड़ा है, अपितु बिजली की दरें भी वहाँ पर अधिक हैं। जानकारों का कहना है कि उच्च उत्पादन के कारण ऐसा नहीं लगता है कि चालू वित्त वर्ष में पाकिस्तान से टेक्सटाइल और गारमेण्ट का निर्यात गत वर्ष के 16 बिलियन डॉलर तक पहुँच पाएगा। अतः पाकिस्तान के कुल निर्यात में टेक्सटाइल सेक्टर का योगदान लगभग 54 प्रतिशत है।

# जून 2025 कारोबार के क्षेत्र में नवग्रहों का गोचर प्रभाव -ज्योतिर्विद रिपोर्ट



**मुम्बई/ आर बी सिंह...** जून 2025 में व्यापार नवग्रहों का गोचर प्रभाव कई राशियों के लिए शुभ और फायदेमंद रहने वाला है। इस महीने में कई प्रमुख ग्रहों का राशि परिवर्तन होगा, जिससे जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेंगे। इस महिने ग्रहों का राशि परिवर्तन....

**6 जून – बुध का मिथुन राशि में गोचर**
**7 जून – मंगल का सिंह राशि में गोचर**
**9 जून – बृहस्पति मिथुन राशि में अस्त**
**11 जून – बुध का मिथुन राशि में उदय**
**15 जून – सूर्य का मिथुन राशि में गोचर**
**22 जून – बुध का कर्क राशि में गोचर**
**29 जून – शुक्र का वृषभ राशि में गोचर**

**त्रिग्रह योग और व्यापार....**जून में सूर्य, बुध और गुरू ग्रह की मिथुन राशि में युति बनेगी, जो बौद्धिक और व्यापारिक मामलों में शुभ संकेत दे रहीं है। यह त्रिग्रह योग सिंह, वृश्चिक और धनु राशि के जातकों के लिए विशेष रूप से लाभदायक रहने वाला है। इन राशियों के जातकों को भविष्य, व्यवसाय और आर्थिक मामलों में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल सकते हैं।

**मेष से मीन राशियों पर प्रभाव होगा....**

**मेष राशि...** मिला-जुला रहने वाला है। जून माह में उतार-चढ़ाव झेलने पड़ सकते हैं।

**वृषभ राशि...** भरोसेमंद लोगों की सलाह से चुनौतियों को हल मिलने की संभावनाएं बन सकती है।

**मिथुन राशि...**छिपे हुए दुश्मनों से रहें सतर्क रहना जरूरी बन सकता है।

**कर्क राशि...**कारोबार में शानदार मौके हासिल हो सकते हैं।

सिंह राशि... किस्मत चमकने से काम होंगे। सफल होने की उम्मीदों के कयास लग रहे हैं।

**कन्या राशि...**लेन-देन के मामलों में कोताही न बरतने की सलाह है ।

**तुला राशि...** उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा।

**वृश्चिक राशि..**कैरियर में नयी ऊँचाइयां हासिल हो सकती है, तो वहीं धनु राशि में आय के अतिरिक्त स्रोत मिलने के आसार की संभावनाएं प्रबल हो सकती है। तत्पश्चात्

**मकर राशि...**किसी के बहकावे या उकसावे में न आने का संकेत दे रहा है।

**कुंभ राशि...**सावधानी से चलने पर काम पूरे हो सकते है।

**मीन राशि...**आंख मूंदकर किसी पर भी भरोसा न करने का मशविरा है।

इन सबके अलावा यदि आप अपने राशिफल के विषय या व्यापार, कारोबार आदि के बारे में जानना चाहते हैं तो

**ज्योतिर्विद डॉ. बालकृष्ण मिश्र**
**विद्या -वारिधि (पी.एच.डी )** काशी से निम्न नंबर - 9222041001 पर बात कर सकते हैं।

# रेडीमेड एवं स्कूल ड्रेस की डिमाण्ड

**ब्यावर/ अनिल डोसी**

मार्केट में ग्राहकी कमजोर पड़ गई है। ग्राहक जरूरत के मुताबिक माल की खरीदी कर रहे हैं। सलवार सूट, स्कूल ड्रेस, रेडीमेड लेडीज एवं जेंट्स की डिमाण्ड अच्छी चल रही है। ड्रेस मटीरियल, रेडीमेड ब्लाउज, फैंसी व टेरी रूबिया, साड़ियां, धोती जोड़ा, सूटिंग-शर्टिंग, प्रिंट वूली, इण्डो-वेस्टर्न, कॉटन औरना आदि क्वालिटियां कुचेरा, जोधपुर एवं बीकानेर से आ रहा है। माइक्रो, रोटो, प्रिंट शर्टिंग बालोतरा एवं सूरत आदि से रेग्युलर माल आ रहा है। अभी पेमेंट की आवक ठीक है।

पृष्ठ 18 का शेषांश

## स्थानीय एवं निर्यात मांग में दम...

स्थानीय एवं निर्यात मांग में दम नहीं होने से यार्न में ठहराव है। कॉटन यार्न सुस्त है, जबकि पॉलिएस्टर यार्न में थोड़ी सरगर्मी है। कुछ कपड़ा उत्पादन केंद्रो पर ब्लैंडेड यार्न की लेवाली ठीक रहने से यार्न को मजबूती मिली है। कॉटन यार्न में तेजी की उम्मीद कम लग रही है, क्योंकि कॉटन यार्न का निर्यात लड़खड़ाने लगा है, वहीं दूसरी ओर वीविंग इकाइयों में कपड़ों का उत्पादन इतना कम होने लगेगा जिसका अनुमान किसी को नहीं है। जानकारों का मानना है कि रूई के भाव लंबे समय से तटस्थ है, इसके कारण स्पिनिंग इकाइयों में कॉटन यार्न के उत्पादन की लागत नियंत्रण में है। अतः बढ़े भाव को बाजार हजम करने की स्थिति में नहीं है।


## कॉटन उत्पादन में गिरावट से भारत...

पृष्ठ 1 का शेषांश

जानकारों का कहना है कि पिंक बालवार्म के बढ़ते प्रकोप के कारण पंजाब के किसानों ने कॉटन से मुंह मोड़ लिया है, क्योंकि उन्हें वर्ष दर वर्ष नुकसान उठाना पड़ रहा था। जहाँ पंजाब में पिंक बालवार्म के कारण किसानों को नुकसान उठाना पड़ा, वहीं गुजरात में कॉटन उत्पादक क्षेत्रों में बारिश की अनियमितता के कारण कॉटन का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। महाराष्ट्र और तेलंगाना में कॉटन उत्पादक क्षेत्रों में समय-समय पर सूखे की स्थिति के कारण कॉटन का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। मौसम का असर भी कॉटन के उत्पादन में कमी के लिए जिम्मेदार है, क्योंकि बारिश की कमी या इसकी अधिकता का क्षेत्रफल और उत्पादकता पर असर पड़ रहा है। मानसून का समय से पूर्व आना या कभी देरी से आना, तो कभी मानसून की बारिश अक्टूबर तक होने से कॉटन की उत्पादकता और उत्पादन प्रभावित हो रहा है। कुछ क्षेत्रों में नकली या हल्की क्वालिटी के बीजों के कारण भी किसानों को नुकसान हुआ है और उन्होंने कॉटन की खेती करना छोड़ दिया है। किसानों का कहना है कि अब बीटी कॉटन के बीजों से खेती लाभकारी नहीं रहीं, क्योंकि अधिक मात्रा में कीटनाशकों का प्रयोग करने से उनकी उत्पादन लागत बढ़ रही है।

हालांकि, सरकार कॉटन का उत्पादन बढ़ाने के लिए हर वर्ष इसके न्यूनतम समर्थन मूल्यों में वृद्धि करने के साथ ही भाव कम होने पर किसानों से खरीदी के लिए व्यापक प्रबंध कर रही है और किसानों के हितों की रक्षा कर रही है, लेकिन किसी न किसी कारण से उत्पादन में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। जानकारों का कहना है कि देश में कॉटन के उत्पादन को बढ़ाने के लिए सरकार को बीटी कॉटन की नई किस्मों को बढ़ावा देने के अतिरिक्त घटिया किस्म के बीजों की बिक्री को भी रोकने का प्रबंध करना चाहिए।

# भारत के इतिहास में अंकित हो गया 2025 का 'मई'



**श्री अरुण चूड़ीवाल**
**चेयरमैन, बीएसएल लिमिटेड**
**(विशिष्ट समाजसेवी)**

**मई 2025 को भारतीय इतिहास के स्वर्णिम माह के रूप में सदैव स्मरण किया जाएगा। मई माह में दो अनुपम उत्सव अवसर आए हैं। हजारों वर्षों से इस प्रकार की घटना घटित नहीं हुई। चंद्रगुप्त मौर्य के समय सिकंदर का भारतीय सीमा से लौट जाना एवं उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य के समय भारत का आर्थिक वैभव इतिहास के ऐसे पृष्ठ हैं, जिनकी पुनरावृत्ति सनातन भारतीय मानस मई 2025 तक करता रहा है।**

द्वितीय महायुद्ध सन् 1945 में समाप्त हो गया था। उसके पश्चात् वर्ष 1967 में इजराइल ने 6 दिवसीय युद्ध में निर्णायक एवं ऐतिहासिक विजय प्राप्त की थी। जून 1967 में 6 दिन के युद्ध में इजराइल ने पश्चिम में मिश्र, पूर्व में जॉर्डन एवं उत्तर में सीरिया को पराजित किया था। इजराइल ने मिश्र का सीनाई प्रायद्वीप, जॉर्डन का पश्चिम क्षेत्र एवं सीरिया की गोलन पहाड़ियों पर विजय प्राप्त की थी। इस पराजय के पश्चात् तीनों देश पुनः कोई दुःस्साहस नहीं कर पाए। द्वितीय महायुद्ध के पश्चात् पहले अमेरिका एवं तत्पश्चात् आंशिक रूप से चीन वियतनाम में पराजित हुआ। इसी प्रकार अफगानिस्तान में पहले रूस एवं तत्पश्चात् अमेरिका पराजित हुए। वर्ष 1962 की चीन से शर्मनाक पराजय के पश्चात्  निःसन्देह भारत ने 1965, 1971, 1999 में पाकिस्तान को पराजित किया था, परंतु 1965 एवं 1971 की विजय कूटनीति के मंच पर विफल हो गई। 22 अप्रैल 2025 को पाकिस्तान ने भारतीय आत्मा एवं अस्मिता पर आघात किया तथा पहलगाम में शांतिपूर्ण छुट्टी बिता रहे भारतीय सिंदूर को कुत्सित रूप से स्पर्श किया गया था।

वर्ष 1965 एवं 1971 की भूलों को स्मरण करते हुए मई 2025 में पहले कूटनीतिक एवं तत्पश्चात् सामरिक कदम लिये गये। वर्ष 1960 में असमान सिंधु (नदी) जल संधि की गई थी; इसके अंतर्गत सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी एवं व्यास का 80 प्रतिशत पानी पाकिस्तान एवं 20 प्रतिशत भारत के उपयोग में लिया जा रहा है। पिछले लगभग 65 वर्षों से पंजाब, हरियाणा एवं राजस्थान के कृषक आवश्यक सिंचाई से वंचित हो रहे हैं। अतः भारत ने सर्वप्रथम कूटनीतिक आक्रमण किया एवं असंतुलित सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया। तत्पश्चात् निर्णायक चतुर्दिवसीय युद्ध प्रारंभ किया गया। वर्ष 1965 एवं 1971 के युद्ध में यद्यपि हम विजयी हुए, तथापि हमारे जवान वीरगति को प्राप्त हुए एवं युद्ध उपकरण नष्ट हुए थे। इसके ठीक विपरीत मई 2025 में सर्वप्रथम सुदर्शन चक्र के सुरक्षा कवच ने दुश्मन के प्रत्येक प्रहार को गगन में ही नष्ट कर दिया। इसके पश्चात् 10 मई की रात्रि को कुछ घंटों में निर्णायक आक्रमण कर पाकिस्तान के 11 सामरिक एयरपोर्टों को पंगु बना दिया। इस प्रकार मई 2025 में भारत ने विश्व के लघुतम युद्ध में माता दुर्गा की अनुकंपा से अपरिवर्तनीय निर्णायक विजय प्राप्त की।

ऑपरेशन सिंदूर के 15 दिन पश्चात् ही अर्थात् 25 मई को भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था के रूप में प्रकट हुआ। अब मात्र अमेरिका, चीन एवं जर्मनी ही भारत से अधिक शक्तिशाली अर्थव्यवस्थाएँ हैं। विश्व की चतुर्थ अर्थव्यवस्था का अर्थ समझने के लिए भी स्वतंत्र भारत के आर्थिक परिदृश्य से अवगत होना प्रासंगिक है। वर्ष 1962 में चीन युद्ध के समय भारतीय सेना के पास जूते एवं कम्बल तक नहीं थे। वहीं वर्ष 1966 में भारत के समक्ष भयंकर खाद्यान्न संकट था, जब अमेरिका से दिये गये गेहूँ से भारत की रोटियां बनती थीं। वर्ष 1991 में भारत का मुद्रा भण्डार नगण्य था एवं भारत को विदेशी मुद्रा के लिए सोना गिरवी रखना पड़ा था। वर्ष 1991 से 2025 तक लगभग 34 वर्षों में भारत ने अविस्मरणीय आर्थिक प्रगति की है। ये माँ लक्ष्मी का वरदान है।

स्वतंत्र भारत को मई 2025 में माँ दुर्गा एवं माँ लक्ष्मी का एक साथ वरदान प्राप्त हुआ। अतः मई 2025 को स्वर्णिम मई के रूप में स्मरण किया जाना चाहिए।

**-अरुण चूड़ीवाल**



100 % Premium Cotton & Linen Fabrics
HI FABRIQUE INC.®
Corporate Oce :
77, Jodh Towers, Lalbagh Road, Bengaluru - 560027, INDIA. Tel. No : +91 80 40500200
Email : info@hifabrique.com
Mumbai Oce :
30/32, Champa Galli Cross Lane, 1st Floor, No.5, O Kalbadevi Rd,Mumbai - 400002, INDIA.
+91 22 22426585 Email : infomumbai@hifabrique.com
www.hifabrique.com
Venerdi® ITALY




WILL SOON BE
DRESSING INDIA WITH ITALIAN FASHION
FEDERICO FRAGNITO ALL SET TO UNVEIL ITS PREMIUM TR SUITING COLLECTION IN INDIA

FOR DEALERSHIP ENQUIRIES CONTACT: MR. MAHESH DHUMAS +91 89800 48385

**Smooth Finish:** TR fabrics, are known for their silky smooth texture, which gives suits a refined and polished look.
**Durability:** The Terylene component makes the fabric resistant to wrinkles and shrinking, ensuring that the suit maintains its shape even after long hours of wear.
**Breathability and Comfort:** Rayon contributes to the fabric's softness and breathability, making it more comfortable than 100% synthetic fibers.
**Color Retention:** Our TR fabrics are made by dope dye polyester weave, ensuring the fabric retains and absorbs its colours perfectly The fabric is all weather suitable for casual, office-wear, parties and weddings.


FEDERICO FRAGNITO
5th Floor, Gopal Bhawan, 199 Princess Street, Mumbai - 400 002 (MH) India; Tel.: +91 22 6633 6571 - 75
Customer Care: +91 22 6633 6576 | info@federicofragnito.com | www.federicofragnito.com

Postal Registration No BHILWARA/208/2024-2026 RNI Registration No. 71772/98

















# स्थानीय एवं निर्यात मांग में दम नहीं होने से यार्न में ठहराव

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय**


यार्न मार्केट में चुनौतियां गहरी हो रही है। मौजूदा दौर में यार्न टेक्सटाइल क्षेत्र में कमजोर कड़ी के बतौर उभरा है। यार्न में कारोबार को जो गति मिलनी चाहिए, वह नहीं मिल रही है। पीसी एवं पीवी जैसे ब्लैंडेड यार्न में कुछ करंट है। रोटो एवं कॉटन यार्न में कारोबार तो कम है पर बाजार दिशाहीन है। पॉलिएस्टर यार्न में सरगर्मी दिखाई देती है। आगामी सीजन विंटर की होने से वीवर्स की ब्लैंडेड यार्न में मांग बढ़ने की संभावना है। एक ओर कॉटन यार्न की घरेलु मांग स्थिर है, जिससे कपड़ों का उत्पादन नहीं बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर देश से यार्न के निर्यात पर दबाव बना रहने की धारणा है। यदि कपड़ों का उत्पादन बढ़ता है, तो ही यार्न की मांग में सुधार हो सकता है। हाल ही कपड़ों की मांग में सुधार नहीं है। इस समय वैश्विक बाजार में भारत की पहुँच व्यापक हो रही है, फिर भी कपड़ों की मांग में सुधार अपेक्षित नहीं है। कपड़ों का उठाव नहीं होने के कारण वीवर्स यार्न की खरीदी एवं कपड़ा उत्पादन को लेकर चौकन्ना है। भारत एवं बांग्लादेश के बीच परस्पर टेक्सटाइल चेन थी, जो अब टूटने की कगार पर है। बांग्लादेश भारत से यार्न की खरीदी करता था और भारत में बने अधिकतर यार्न का निर्यात बांग्लादेश में किया जाता था, परंतु जब से दोनों देशों के बीच तकरार शुरू हुआ है, तब से निर्यात को भारी झटका लगा है।

**शेषांश पृष्ठ 10 पर...**




स्वत्वाधिकारी एसएसएस मीडिया पब्लिकेशन्स (प्रा.) लि. की तरफ से मुद्रक एवं प्रकाशक योगेन्द्र शर्मा के लिए डी.बी. कॉर्प लि., 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर, (भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, टोंक रोड़, जयपुर) से मुद्रित एवं सी-127, आर.के. कॉलोनी, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक-योगेन्द्र शर्मा।




7 से 21 जून, 2025
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड Corporate

## SGS की मेगा कॉन्फ्रेंस 8 जुलाई से आरम्भ



**कुल्लू-मनाली में भरपूर आनन्द**

श्री वरूण राठी ने बताया कि इस वर्ष कम्पनी अपने व्यापारियों को कुल्लू-मनाली का भ्रमण कराने जा रही है जहां अटल टर्नल, माल रोड, रोहतांग पास, मनाली व्यू को देखकर व्यापारियों का जोश और भी ज्यादा होने वाला है। इस दौरान कम्पनी द्वारा अवॉर्ड सैरेमनी, न्यू लॉञ्चिंग, मनोरंजन का भरपूर आनन्द लिया जाएगा।

**मुम्बई/** सूटिंग-शर्टिंग एवं अपेरल ब्राण्ड SGS हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपनी मेगा कॉन्फ्रेंस-2025 की शुरुआत 8 जुलाई 2025 से कुल्लू-मनाली में करने जा रही है। इस कॉन्फ्रेंस को लेकर भारत की सभी मण्डियों के अन्तर्गत व्यापारियों में उत्साह बना हुआ है।

कम्पनी के डायरेक्टर श्री किशोर राठी ने बताया कि कम्पनी हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अपनी मेगा कॉन्फ्रेंस -2025 की घोषणा कर चुकी है, जिससे संपूर्ण भारत की मण्डियों में SGS से जुड़े व्यापारियों द्वारा कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। इस वर्ष कम्पनी ने अपने व्यापारियों के लिए अनेक आकर्षक डिजाइनों के साथ नया कलेक्शन इस कॉन्फ्रेंस में पेश करने के लिए डवलपमेण्ट किया है। कम्पनी द्वारा अलग-अलग पैटर्न एवं विभिन्न डिजाइन्स में डिस्प्ले की योजना पर कार्य कर रही है, जो व्यापारियों को आगामी सीजन के लिए काफी उपयोगी साबित होगी। विदित रहे भरोसे की परंपरा का निर्वाह करते हुए कम्पनी अपने व्यापारियों के लिए हर वर्ष मेगा कॉन्फ्रेंस करती है, जिससे चारों धाम की यात्रा का सौभाग्य भी व्यापारियों को मिल चुका है। इन कॉन्फ्रेंसो में देशभर से रिटेलर्स, एजेंट व डीलर्स सपरिवार शिरकत करते हैं। इस वर्ष कम्पनी ने अपनी मेगा कॉन्फ्रेंस को और अच्छे तरीके से करने की योजना पर कार्य करते हुए आगे बढ़ रही है।










## LINEN CLUB द्वारा AW Festive 25 कलेक्शन लॉञ्च

**मुम्बई/** देश की लोकप्रिय एवं लिनन फैब्रिक उत्पादन में अग्रणी 'जय श्री टेक्सटाइल्स' के नामचीन ब्राण्ड लिनन क्लब द्वारा **AW Festive 25** कलेक्शन के तहत वस्त्र बाजार में विस्तृत आकर्षक और नए कलेक्शन लॉञ्च किए हैं। लगभग 3500 कलेक्शन रेंज के साथ भारतीय ओटीसी फैब्रिक बिजनेस प्लेटफॉर्म को ध्यान में रखते हुए आगामी ओणम, दुर्गा पूजा, नवरात्रि, दिवाली जैसे त्योहारों में ट्रेडिशनल और रिजनेबल हर वर्ग के उपभोक्ताओं के लिए विशेष कलेक्शन और इसकी डिजाइंस भारतीय वस्त्र बाजार में कस्टम टेलरिंग को बेहतर विकल्प प्रदान करेगी।

**कंपनी सीईओ श्री जसविंदर कटारिया** के सान्निध्य में वस्त्र व्यवसाय के प्रमुख केंद्र कोलकाता के होटल 'द ललित' में 13 से 15 मई 2025 तक तीन दिवसीय बुकिंग कॉन्फ्रेंस का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान देशभर के होलसेलर, डिस्ट्रीब्यूटर्स, एजेंट्स ईबीओएस और कुछ प्रमुख एमबीओएस ने शिरकत की। नामचीन ब्राण्ड लिनन क्लब हमेशा से बेहतरीन एवं श्रेष्ठ उत्पाद मुहैया कराने में अग्रणी है। आगामी समय की मांग के अनुसार नए विकल्प और इनोवेशन करना कंपनी की हमेशा से प्राथमिकता रही है।

इसी क्रम में कंपनी द्वारा आयोजित इस AW festive 25 कॉन्फ्रेंस में रिटेलर्स हेतु कैटलॉग लॉन्च किए गए। जिसमें कंपनी द्वारा सीजन को देखते हुए यार्न डाइड शर्टिंग के तहत प्रिंट्स, जैकॉर्ड, एम्ब्रॉयडरीज के साथ नए लग्जरी एवं वैल्यू एड बेस के रूप में सूटिंग कलेक्शन इस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रदर्शित किए गए। सभी कलेक्शंस में रंगों और उनके डिजाइन पेटर्न पर विशेष ध्यान रखा, जिसे देख व्यापारियों ने कंपनी की अपेक्षा से अधिक बुकिंग ऑर्डर प्रदान किए।



### Color and Concept Summary

**Crimson Bloom** : गहरे उत्सवी लाल रंग एनर्जी के साथ एलीगेंस और त्योहारी भव्यता का आभास देते हैं।

**Oceanic Shift** : फॉर्मल और कैजुअल शर्टिंग के लिए फ्यूलिडिटी और मॉडर्न स्टाइल को परिलक्षित करता है।

**Twilight** : ढलती शाम की गहराई के रंगों का समावेश सूटिंग और जैकेट्स के रूप में अभिनय की पात्रता का अहसास कराता है।

**Embrace** : यह वाइब्रेंट पीला रंग ओणम और पूजा के साथ ही पारंपरिक परिधान को जीवंत करता है।

**Retro Hues** : विंटेज अंडरटोन के साथ डस्टी नीला रंग के साथ ही ट्रॉपिकल, स्ट्राइप्ड और आकर्षक कैजुअल प्रिंट्स का समावेश बेहद खूबसूरत बनाता है।

**Earthy Indulgence** : मोच मूस और ग्राउंडेड रंग ऑर्गेनिक प्रिंट आम्ब्रे चेकर्ड बेस के साथ ट्राउजर कलेक्शन के लिए श्रेष्ठ है।

### Key Design Directions

- Expanded Check Narratives: From classic to asymmetrical patterns.
- Stripes with Movement: Horizontal, chevron, and broken stripes adding motion and rhythm.
- Surface Texture Play: Through dobbies, fancy yarns, twills, and structural effects.
- Tonal Storytelling for festive neutrals: An array of new subtle dusty European shades across piece dyeds and yarn dyeds create depth without loudness.
- Placement-Ready Prints: Designed for a statement look. Both for a holiday outing and ethnic tailoring.



LINEN CLUB
PASSIONATE LIKE YOU

### Partner Feedback

**यहाँ उपस्थित व्यापारियों ने कंपनी द्वारा प्रदर्शित सभी रेंज का अवलोकन किया। कंपनी द्वारा जारी कैटलॉग की सभी ने बहुत प्रशंसा की। विशेषकर सॉलिडस् और शैमब्रे विशाल प्रिंट कलेक्शन, लिनन-बेम्बर्ग कैप्सूल को काफी पसंद किया। उन्होंने कहा कि कंपनी द्वारा प्रदर्शित उत्पादों की अवश्य वस्त्र बाजार में डिमांड में रहेगी। साथ ही इस तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस में कंपनी द्वारा मिले आदर सत्कार के लिए आभार प्रकट किया।**

### विस्तृत प्रॉडक्ट रेंज

**Yarn Dyed Shirting** : लिनन क्लब का यार्न डाइड शर्टिंग सेगमेंट OTC व्यवसाय में स्तंभ की भूमिका का निर्वहन करता है। जिसमें 60 Lea, 70 Lea, 80 Lea, 100 Lea और 120 Lea क्वालिटी में 200 से ज्यादा रेंज को मेंटेन करता है। रेग्युलर वियर से लगाकर त्योहारों एवं प्रीमियम शर्टिंग तक की रेंज शामिल है।

**Solid & Chambrays** – 100 से अधिक पीस डाइड और 100 से अधिक चैम्ब्रे शेड्स, प्लेन ट्वील और हेरिंगबोन बनावट में उपलब्ध है।

**Checks** – बोल्ड से लेकर माइक्रो चैक्स, आम्ब्रे स्लेबटेड ग्रीड्स और असीमित पैटर्न में उपलब्ध है।

**Strips** – फॉर्मल और कैजुअल स्ट्राइप्स का खास कलेक्शन है।

**Print Collection** : इस सीजन को ध्यान में रखते हुए कंपनी द्वारा निर्मित प्रिंटेड रेंज खासतौर पर एथनिक और कैजुअल वियर सेगमेंट में अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। सॉलिड और स्ट्रक्चर बेस के साथ 600 से भी अधिक स्क्रीन और डिजिटल प्रिंट रेंज शामिल है। हॉलीडे वियर, कैजुअल सेगमेंट और एथनिक टेलरिंग की विस्तृत कलेक्शन के साथ कंपनी की प्रिंट रेंज को और मजबूती प्रदान करता है।

**Jacquards & Embroideries** : हाई लेवल मेट्रो एमबीओस और एक्सक्लूसिव ईबीओस की लिए 200 से अधिक रेंज के साथ जैकॉर्ड और एम्ब्रॉयडरी कलेक्शन बेहद खास है। एम्ब्रॉयडरी का यह कलेक्शन इस प्रकार तैयार किया गया है कि हल्केपन के साथ एथनिक जैकेट, बंद गला और सेरेमोनियल शर्ट्स को और आकर्षक बनाता है। इस कलेक्शन में इंट्रीकेट थ्रेडवर्क, टोनल सर्फेस टेक्चर और सूटेबल मैटेलिक असेट्स लाइटवेट कुर्ता और फ्यूजन वियर के लिए परफेक्ट चॉइस है।

**Suiting Range** : कंपनी द्वारा उत्पादित सूटिंग कलेक्शन 10 Lea से 80 Lea रेंज ऑफर करता है जिसमें डेली वियर से लगाकर हाई एंड फेस्टिव वियर की विशाल वस्त्र श्रृंखला शामिल है। इस रेंज में सॉलिड ट्वील, टेक्सचर्ड चैक्स और माइक्रो-स्ट्रक्चर्ड पैटर्न का संखलन है, जो की ब्लेजर, बंद गला और एथनिक जैकेट के लिए तैयार किया गया है। साथ ही मेरीनों ऊन के साथ लिनन का ब्लेंड प्रीमियम सेगमेंट के उपभोक्ताओं को आकर्षित करता है जो बेहतरीन फॉल, सॉफ्टनेस और ड्रेप प्रदान करता है। काफी प्रखरता से तैयार यह ब्लेंड फेस्टिव, फॉर्मल और इंडो-वेस्टर्न पैटर्न टेलरिंग के लिए सहयोग करता है।

**Luxury and Innovation Offering** :
**Linen Bember Capsule** – लिनन बेम्बर्ग बेस नेचुरल टेक्सचर को चमक के साथ मिला देता है। कुर्ता और इंडो-वेस्टर्न टेलरिंग सेगमेंट को केंद्रित करते हुए विशेष रूप से तैयार एथनिक प्रिंट कैप्सूल लग्जरी के साथ इनोवेशन को दर्शाता है।

## टेक्सटाइल उद्योग जगत में नवीनतम ट्रेण्ड्स एवं नवाचारों का उत्सव

# FABEXA-X ऐतिहासिक सफल

## 11000 ट्रेड विजिटर्स ने की शिरकत : एग्जीबिटर्स को मिला सुपर रिस्पॉंस




**अहमदाबाद/ सत्य प्रकाश**

18 से 21 मई 2025 को गांधीनगर स्थित हेलीपैड एग्ज़ीबिशन सेंटर में FABEXA के 10वें संस्करण का भव्य आयोजन किया गया। इस चार दिवसीय एग्जीबिशन का शुभारंभ गुजरात के टेक्सटाइल और गारमेंट उद्योग के दिग्गजों की उपस्थिति में हुआ। भारतीय टेक्सटाइल उद्योग के सबसे बड़े आयोजनों में से एक FABEXA-X एग्जीबिशन ने एक नई ऊंचाई को छुआ। यह आयोजन न केवल फैब्रिक निर्माताओं और गारमेंट इंडस्ट्री के लिए बल्कि पूरे टेक्सटाइल क्षेत्र के लिए एक मील का पत्थर साबित हुआ। मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन के 120 वें वर्ष में प्रवेश के अवसर पर आयोजित FABEXA-X एग्जीबिशन का उद्घाटन 18 मई को गांधीनगर की मेयर श्रीमती मीरा बेन पटेल, गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के चेयरमैन श्री संदीप भाई और मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन के प्रेसिडेंट श्री गौरांग भगत सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

श्री गौरांग भगत ने उद्घाटन समारोह में कहा, 'अहमदाबाद न केवल टेक्सटाइल उद्योग का केंद्र बन चुका है, बल्कि देशभर के व्यापारियों का भरोसा जीत चुका है। FABEXA ने टेक्सटाइल उद्यमियों की मेहनत और गुणवत्ता को नए आयाम दिए हैं। जिन एग्जीबिटर्स ने फैब्रिक्स में नवीनतम ट्रेंड्स एवं नवाचारों का प्रदर्शन किया उन्हें बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिला, मेरा मानना है कि फैब्रिक उत्पादन में क्वालिटी एवं पॉलिसी का अहम रोल होता है, अगर आप अच्छी क्वालिटी का फैशनेबल कपड़ा पूरे देश में एक समान पॉलिसी से बिक्री कर रहे है तो आपके पास काम की कोई कमी नहीं रहेगी। FABEXA-X में भी जिन एग्जीबिटर्स ने कुछ नया प्रेजेंट किया उनके स्टॉल पर चारों दिन फुल भीड़ रही।

एग्जीबिशन की शानदार सफलता पर फैबेक्सा कमेटी चेयरमैन श्री अमीष शाह ने कहा कि उद्घाटन दिवस से लेकर चार दिनों तक FABEXA-X एग्ज़ीबिशन में विजिटर्स का तांता लगा रहा। रिकॉर्ड 11000 से अधिक ट्रेड विज़िटर्स ने शिरकत की, जो कि FABEXA के अब तक हुए सभी सीजन्स में सर्वाधिक है। इस आयोजन ने टेक्सटाइल और गारमेंट उद्योग में व्यापारिक अवसरों को बढ़ावा देने के साथ-साथ नवाचार और साझेदारी को भी प्रोत्साहन दिया। सभी एग्जीबिटर्स को आगामी सीजन्स की तैयारियों के लिए प्लानिंग मिल गई।





### FABEXA-X की शानदार सफलता के सूत्रधार

FABEXA के 10वें संस्करण का आयोजन मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन (MCMM) द्वारा किया गया। महाजन के पदाधिकारी प्रेसिडेंट -श्री गौरांग भगत, वाइस प्रेसिडेंट -श्री कांतिलाल संघवी, सेक्रेटरी -श्री नरेश शर्मा, ज्वाइंट सेक्रेटरी -श्री ललित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष -श्री बाबूलाल सोनीगरा के मार्गदर्शन में FABEXA कमेटी के चेयरमैन -श्री अमीष शाह, सचिव -श्री अंकित सेठ, को चेयरमैन -श्री भरत टेकवानी सहित मैनेजिंग कमेटी समस्त सदस्यों एवं एग्जीबिटर्स ने FABEXA-X को एक ऐतिहासिक एग्जीबिशन बनाने में जी-जान से मेहनत की। अहमदाबाद के शीर्ष फैब्रिक निर्माताओं ने अपने उत्पादों का लाजवाब प्रदर्शन किया। 90 फैब्रिक निर्माताओं ने एग्जीबिटर्स के रूप में भाग लिया तथा नवीनतम फैशन ट्रेंड्स एवं नवाचारों का शानदार प्रदर्शन किया।

### एग्जीबिटर्स ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

एग्जीबिशन में एग्जीबिटर्स ने विभिन्न प्रकार के फैब्रिक का अति आकर्षक प्रदर्शन किया गया। कॉटन सूटिंग, शर्टिंग, डेनिम, होजियरी फैब्रिक्स और ड्रेस मटेरियल जैसी व्यापक श्रेणियों में नए उत्पादों का शानदार प्रदर्शन किया गया। एग्जीबिटर्स ने आगामी सीजन्स के लिए नवीनतम ट्रेंड्स पर आधारित फैब्रिक डिजाइन्स प्रस्तुत की। शर्टिंग में डिजिटल प्रिंट्स, प्लेन कलर्स, स्ट्राइप्स, डोबीज, बुटीक प्रिंट्स, फ्लावर प्रिंट्स, सहित सूटिंग में कॉटन, कॉटन लाइक्रा, लिनन लाइक्रा, मिक्स ब्लेंड लाइक्रा एवं डेनिम में नई रेंज का अनावरण किया गया। FABEXA-X में बायर्स की बड़ी उपस्थिति रही, गारमेंट निर्माताओं, ब्राण्ड्स, ट्रेडर्स और एक्सपोर्टर्स ने प्रदर्शनी में एग्जीबिटर्स को भारी ऑर्डर्स भी दिए।



### फैबेक्सा डे बाई डे निखरती जा रही है
**-श्री बाबूलाल सोनीगरा, कोषाध्यक्ष, MCMM**

फैबेक्सा के फर्स्ट सीजन से लेकर 10th सीजन तक के सभी इवेंट एक से बढ़कर एक हुए हैं। भारत के गारमेंट्स ब्राण्ड्स एवं कारोबारियों को एक ही छत के नीचे फैब्रिक सॉल्यूशन प्रदान करने के उद्देश्य से फैबेक्सा का जन्म हुआ। मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन के यशस्वी प्रेसिडेंट श्री गौरांग भाई की प्रेरणा से हमें 'फैबेक्सा' जैसा प्लेटफार्म मिला है। हर साल इसके आयोजन में हम लोग कुछ ना कुछ नया ऐड करते आ रहे हैं। जिसके कारण फैबेक्सा डे बाई डे निरखरता जा रहा है।



### फैबेक्सा का 10th सीजन रहा सुपर हिट
**-श्री अमीष शाह, चेयरमैन, फैबेक्सा कमेटी**

फैबेक्सा का 10th सीजन शानदार रहा। पोस्टपोन होने के बावजूद पूरे इंडिया से बड़ी संख्या में बायर्स से एग्जीबिशन विजिट की। फैशन शो नेक्स्ट लेवल का हुआ। 16 पार्टिसिपेंट्स के सिक्वेंस पेश किए गए। सभी ने एग्जीबिशन में बेहतरीन डिस्प्ले किया। AW-25 एवं SS-26 सीजन के लिए सभी एग्जीबिटर्स की तैयारी जबरदस्त थी। भारत की समस्त मंडियों से आए बायर्स ने फैबेक्सा की तैयारी को सराहा।



### फैबेक्सा बनी वन स्टॉप सॉल्यूशन
**-श्री सोनू टेकवानी, को चेयरमैन, फैबेक्सा कमेटी**

फैबेक्सा के 10th सीजन की सफलता ने सबका जोश हाई कर दिया। एग्जीबिशन के पोस्टपोन होने से सभी एग्जीबिटर्स में एक संशय था, परंतु देश भर से बड़ी संख्या में पधारे बायर्स ने सभी का मनोबल बढ़ा दिया। सभी एग्जीबिटर्स को आगामी सीजंस के लिए प्लानिंग मिल गई तथा कई फैब्रिक निर्माताओं के ऑर्डर्स भी मिले। आज के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो फैबेक्सा गारमेंट सेक्टर के व्यापारियों के लिए फैब्रिक सोर्सिंग का वन स्टॉप सॉल्यूशन बन चुका है।



### फैबेक्सा : फैब्रिक सोर्सिंग का श्रेष्ठ प्लेटफॉर्म
**-श्री अंकित सेठ, सेक्रेटरी, फैबेक्सा कमेटी**

फैबेक्सा का 10th सीजन काफी सुर्खियां बटोर गया। सभी एक्जीबिटर्स की मेहनत एवं मस्कती महाजन एवं फैबेक्सा कमेटी के सदस्यों ने इस बार जमकर मेहनत की, तो परिणाम तो सुंदर आना ही था। यह पहले से ही तय था। पूरे इंडिया से पधारे बायर्स का आभार व्यक्त करते हुए श्री अंकित सेठ ने कहा कि फैबेक्सा के जैसा इवेंट पूरी दुनिया में कहीं नहीं होता है, पारिवारिक भावना के साथ हम फैबेक्सा का आयोजन करते हैं।



### हाई प्रोफाइल फैशन शो का आयोजन

एग्जीबिशन के दौरान 20 मई को आयोजित हाई प्रोफाइल फैशन शो FABEXA-X का मुख्य आकर्षण रहा। उत्सव ढोलकिया द्वारा आयोजित इस शो में 18 कंपनियों के उत्पादों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें 1000 विशेष मेहमान शामिल हुए। इस शो ने भारत के फैशन उद्योग में एक नई पहचान बनाई।






### आमंत्रित व्यापारियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं

मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन देश में इकलौती ऐसी संस्था है जो नो लॉस नो प्रॉफिट में अंतरराष्ट्रीय स्तर के एग्जिबिशंस का आयोजन करती है। FABEXA-X के आयोजकों ने आमंत्रित बायर व्यापारियों के लिए ट्रेवलिंग, होटल स्टे तथा मल्टीक्यूशाइन फूड जैसी विशेष सुविधाओं का इंतजाम किया था। फाइव स्टार होटल लीला होटल में 400 से अधिक कमरे बुक किए गए। 1,000 से अधिक फ्लाइट टिकट्स की सुविधा। हवाई टिकटों पर रू10,000 तक रिफंड दिए।

### खुशनुमा माहौल में एग्जीबिशन का समापन

FABEXA-X 2025 ने टेक्सटाइल उद्योग के लिए न केवल एक व्यापारिक अवसर प्रस्तुत किया, बल्कि एक प्रेरणादायक मंच भी साबित हुआ। यह आयोजन भारतीय फैब्रिक निर्माताओं और गारमेंट सेक्टर के लिए नई संभावनाओं और उन्नति का प्रतीक बन गया। FABEXA एग्जीबिशन के प्रथम संस्करण से लेकर अब तक यानि कि 10th एडिशन तक के सफर में सभी पदाधिकारियों ने 'सब का साथ सबका विकास' की भावना से काम किया, जिसका परिणाम FABEXA के 10th एडिशन की ऐतिहासिक सफलता के रूप में हम सब के सामने है।

### गारमेंट सेक्टर के लिए बना बहुद्देशीय प्लेटफॉर्म

गारमेंट सेक्टर में फैब्रिक सोर्सिंग एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसमें गारमेंट निर्माताओं को अपने उत्पादों के लिए उपयुक्त फैब्रिक्स का चयन करना होता है। हर सीजन की एडवांस तैयारी के लिए रेडीमेड गारमेंट निर्माताओं को लेटेस्ट, ट्रेंडी एवं फैशनेबल फैब्रिक की खरीदी के लिए फैब्रिक उत्पादक मड़ियों का रूख करना होता है। विगत कुछ वर्षों में FABEXAएग्जीबिशन गारमेंट निर्माताओं के लिए बहुउद्देशीय प्लेटफॉर्म के रूप में उभरा है। जहां पर मैंस, वूमेंस एवं किड्स वियर जैसे समस्त प्रकार के रेडीमेड गारमेंट्स के लिए फैब्रिक सोर्सिंग की जाती है। फैब्रिक सप्लायर्स की गारमेंट इंडस्ट्री के लिए नित नए फैब्रिक डेवलपमेंट्स देने की तत्परता एवं गारमेंट निर्माताओं एवं कारोबारियों से अच्छे व्यावसायिक संबंधों FABEXA एग्जीबिशन एक बहुउद्देशीय बिजनेस प्लेटफॉर्म के रूप में एक स्थाई ट्रेड सेंटर बन चुकी है।

# Siyaram's की श्रीनगर कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन

# शिखा टेक्सटाइल के तत्वावधान में रचा इतिहास

## प्रतिकूल माहौल में भी रिटेलर्स का दिखा उत्साह

श्रीनगर/ मेंस फैशन इंडस्ट्री के लोकप्रिय और अग्रणी ब्राण्ड सियाराम ने उत्तर भारत के प्रतिष्ठित होलसेल संस्थान शिखा टेक्सटाइल के तत्वावधान में 'श्रीनगर' में 2 दिवसीय रिटेल कॉन्फ्रेंस का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में शिखा टेक्सटाइल के डायरेक्टर श्री रिषभ अरोड़ा, जनरल मैनेजर विनोद भाटिया कंपनी के एजेंसी पार्टनर जय टेक्सटाइल के डायरेक्टर जितेंद्र मेहरा, श्री गौरव मल्होत्रा, साथ ही शिखा टेक्सटाइल के एरिया मैनेजर श्री शंकर ठाकुर एवं श्री पुनीत गुप्ता सहित गणमान्य व्यापारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उपस्थित व्यापारियों ने शिखा टेक्सटाइल द्वारा आयोजित इस कॉन्फ्रेंस हेतु पूरी टीम की बहुत प्रशंसा की। साथ ही कंपनी द्वारा प्रदर्शित समस्त नए कलेक्शन का अवलोकन करते हुए जबरदस्त बुकिंग भी कराई।



इन विषम परिस्थितियों में शिखा टेक्सटाइल के तत्वावधान में सियाराम्स की कश्मीर-श्रीनगर रिटेल कॉन्फ्रेंस के इस सफल आयोजन हेतु शिखा टेक्सटाइल की पूरी टीम, एजेंसी पार्टनर और सियाराम प्रबंधन टीम को श्री पोद्दार ने शुभकामनाएँ प्रेषित की।

**श्री रमेश पोद्दार**
सियाराम सिल्क मिल्स के चेयरमैन एवं सीएमडी






**शिखा टेक्सटाइल के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री रिषभ अरोड़ा** ने बताया कि पिता श्री गुल्लू जी के आशीर्वाद से ही शिखा टेक्सटाइल व्यापार संवर्धन हेतु निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि सियाराम सिल्क मिल्स के सीएमडी एवं चेयरमैन **श्री रमेश पोद्दार जी** की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन के कारण ही कश्मीर में हो रहे प्रतिकूल वातावरण को देखते हुए भी श्रीनगर कॉन्फ्रेंस को करने का कदम शिखा टेक्सटाइल ने उठाया। उन्होंने कहा कि यहां मैं कंपनी के प्रेसिडेंट मार्केटिंग **श्री अशोक टोरका जी** का भी विशेष रूप से आभार प्रकट करूंगा, उनके जोश और उत्साह के कारण ही हम यह कॉन्फ्रेंस सफलतापूर्वक कर पाए। कंपनी के जनरल मैनेजर सेल्स एण्ड मार्केटिंग श्री विश्वजीत झा द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने और इसे सार्थक करने में पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।



कंपनी के प्रेसिडेंट मार्केटिंग श्री अशोक टोरका ने बताया कि कश्मीर में प्रतिकूल माहौल के बावजूद शिखा टेक्सटाइल ने पूर्ण मेहनत एवं लगन के साथ इस रिटेल कॉन्फ्रेंस को सफल बनाया। गुल्लू जी से विरासत में मिले कार्यकौशल को उनके युवा पुत्र रिषभ अरोड़ा नए जोश और नई नेतृत्व क्षमता के साथ आगे बढ़ाने की ओर अग्रसर है।

**श्री अशोक टोरका**
**प्रेसिडेंट मार्केटिंग,**
**सियाराम सिल्क मिल्स**






























BLSK
BANWARI LAL SUBODH KUMAR
Authorised Distributor
Siyaram's | Siyaram's Royale Linen | Mitvá Shirting 36" | Mitvá Loyal | EMEF Italian Suiting | Ethire | Murarka | B-Posh | Purrusham | Sparsh-Fab Thoughtful Uniforms | Centos Exclusive Shirtings | Siyaram's unicode | Ruby The Ruby Mills Limited | Wocky Tocky | Subbhtex | Baird Cotton
Banwari Lal Subodh Kumar
Bara Bazar, Bareilly.
Ph. : 0581-2572938, 9927054000, 9837018118

# रेडीमेड ब्लेजर उत्पादन में अग्रणी गोयल एंटरप्राइजेज

**मुजफ्फरनगर/ वस्त्र मण्डी की जानी-मानी होलसेल एवं रेडीमेड ब्लेजर का निर्माण कर आपूर्ति करने वाली फर्म गोयल एंटरप्राइजेज यहाँ के शीर्ष घरों शुमार की जाती है। व्यापार की शुरुआत सन् 1991 में श्री सुरेश कुमार गोयल द्वारा की गई थी, तब से निरन्तर कार्य करते हुए बेहतर मुकाम हासिल किया है। कारोबार में पिछले 21 वर्षों से श्री मनोज गोयल एवं श्री संजीव कुमार गोयल अपने कुशल नेत्तृत्व में बेहतर कार्य कर रहे हैं।**




**प्रमुख ब्राण्ड**

फर्म के अन्तर्गत होलसेल सप्लाई में वालजी, मफतलाल, स्पर्श फैब, सुजीकि, राजीव एंटरप्राइजेज, मोडेला, जे. हेम्पस्टेड, क्यूमेक्स, वॉकी टॉकी, सियाराम (यूनिकोड) इत्यादी शामिल है।

**सेल्स नेटवर्क**

मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तराखण्ड व हरियाणा में बेहतर है।

## होलसेल आपूर्ति

फर्म में सूटिंग-शर्टिंग, स्कूल यूनिफॉर्म, स्कूल ब्लेजर, कॉर्पोरेट यूनिफॉर्म, पुलिस, सिक्योरिटी, होटल इत्यादि में बड़े स्तर पर कार्य किया जा रहा है।

## रेडीमेड ब्लेजर

इस क्षेत्र में इनकी विशेष रूप से पहचान होती है, जिसमें रेडीमेड ब्लेजर की विभिन्न कलर डिजाइन्स में उत्पादन कर रहे हैं। इसमें ट्वीड, प्लेन, चैक्स इत्यादि में लगभग 25-30 क्वालिटियों में रेंजे तैयार की जाती है। रेडीमेड स्कूल यूनिफॉर्म का उत्पादन भी किया जा रहा है।

Goel ENTERPRISES
Readymade & Fabrics
Specialist In Blazer, Tweed & School Uniform
Wholesaler of Exclusive Suiting
Valji | Mafatlal | Sparsh-Fab | modella | Siyaram's unicode | J.HAMPSTEAD | Wocky Tocky | Qmax World | Suzuki | Rajeev Enterprises
51-151-251-A, S.D. College New Market Muzaffarnagar-251001 (U.P.)
Ph.0131-3296001 | Mob.: 93199 92382 | 80060 06070
Email: sanjeev51@goel@gmail.com

# सुख सागर फैब्रिक/सूरज प्रकाश चावला एंड संस यूनिफॉर्म हाउस




**सहारनपुर/ वस्त्र मण्डी की होलसेल क्षेत्र में लंबे समय से जानी-मानी फर्म सूरज प्रकाश चावला एवं सहयोगी फर्म सुख सागर फैब्रिक शहर की शीर्ष फर्मों में शुमार की जाती है। व्यापार की शुरूआत ऑनर श्री सूरज प्रकाश चावला द्वारा की गई थी और इन्होंने अपनी मेहनत एवं अनुभव से व्यापार में बेहतर सफलता प्राप्त की। व्यापार में पिछले कई वर्षों से इनके युवा सुपुत्र श्री अंकित चावला संपूर्ण प्रबंध कार्य देख रहे हैं। श्री अंकित ने बताया कि हमारे प्रतिष्ठान की एक्सक्लूसिव यूनिफॉर्म फैब्रिक सप्लाई में व्यापक पहचान बन चुकी है।**

## प्रमुख कम्पनियां

फर्म कई बड़े ब्राण्ड्स का कार्य कर रहीं है, जिसमें स्पर्श फैब, वालजी, मफतलाल, शुभटेक्स, सियाराम, मोडेला, वॉकी टॉकी, टाइटन टेक्स फैब इत्यादि की यूनिफॉर्म फैब्रिक सप्लाई शामिल है। इन्होंने व्यापार में मिले अनुभव एवं बेहतर नेटवर्क के चलते अपना ब्राण्ड भी शुरू किया, जो SPC सूटिंग्स नाम से सप्लाई कर रहे हैं। माल की आपूर्ति सहारनपुर के 150 किलोमीटर क्षेत्र में उत्तराखंड, हरियाणा एवं यूपी की वस्त्र मण्डियां शामिल है। यूनिफॉर्म सेक्टर में लगभग 500 से अधिक कलर डिजाइंस में वर्षभर स्टॉक मेंटेन करते हैं।

## प्रमुख ब्राण्ड्स

स्पर्श फैब, वालजी, मफतलाल, शुभटेक्स, सियाराम, मोडेला, वॉकीटॉकी, टाईटन टेक्स फैब के उत्पाद आपूर्ति किए जा रहे हैं। इसके अलावा इनका ब्राण्ड S P C Suitings के अंतर्गत भी माल सप्लाई कर रहे हैं। फर्म का नेटवर्क सहारनपुर एवं 150 किमी सराउंडिंग यूपी, उत्तराखण्ड एवं हरियाणा की वस्त्र मण्डियों में विस्तृत है। श्री अंकित चावला ने बताया कि यूनिफॉर्म में लगभग 500 से अधिक डिजाइनों में 12 महिने स्टॉक उपलब्ध रखते हैं।

Sukh Sagar Fabrics
Suraj Prakash Chawala & Sons
Exclusive Supply in Uniform Sector
Sparsh-Fab Thoughtful Uniforms | Siyaram's | Valji | Qmax World | modella | Mafatlal | Subbhtex | SPC Suitings | Wocky Tocky | adison | TITAN TEX FAB
Shop No. 1,2,3, TRISHLA Jain Cloth Market, Near SARAFA Bazar
SAHARANPUR U.P., Mob.: 9319444154, 9897003524

# सुदर्शन टेक्सटाइल

**मुजफ्फरनगर/ स्थानीय कपड़ा व्यापार में श्री सुदर्शन खरबंदा बहुत ही अनुभवी एवं निपूर्ण व्यक्ति है, जिन्होंने सन् 1979 से एजेंसी कार्य की शुरूआत की। तब से निरंतर कार्य को सफलतापूर्वक करते रहे हैं एवं आज भी अपने अनुभव एवं कार्यकौशल से कार्य कर रहे हैं। सन् 2001 से इनके सुपुत्र श्री पंकज खरबंदा भी पिताजी के कार्य में शामिल हुए एवं बेहतर मुकाम हासिल किया है। व्यापार में डवलपमेण्ट एवं कार्य विस्तार के तहत आढ़त फर्म श्री मोहन एंटरप्राइजेज में भी कार्य कर रहे हैं।**

**एजेंसी कार्य विवरण-** कपड़ा एजेंसी में भीलवाड़ा, अहमदाबाद, सूरत, पाली, बुरहानपुर एवं बालोतरा वस्त्र उत्पादक मण्डियों के उत्पाद सप्लाई का कार्य कर रहे हैं। एजेंसी में यूनिफॉर्म फैब्रिक की सप्लाई में भी वृहत स्तर पर कार्य किया जा रहा है। श्री पंकज खरबंदा ने बताया कि एजेंसी 46 वर्षों के ट्रस्ट में खरी उतरती हुई अपने उत्पादकों एवं व्यापारियों के बीच कड़ी के रूप में विश्वसनीयता से कार्य कर रहीं है।

# भोमियाजी टेक्सटाइल एजेंसी



**मुजफ्फरनगर/** स्थानीय वस्त्र मण्डी की प्रतिष्ठित एजेंसी 'भोमियाजी टेक्सटाइल एजेंसी' सन् 2002 से इस क्षेत्र में निरंतर सेवाएं दे रहीं है। फर्म के अनुभवी संचालक श्री भँवर लाल पालीवाल ने इस क्षेत्र में अपनी बेहतर पकड़ बनाते हुए आज कई मण्डियों के साथ कार्य कर रहे हैं। जिसमें पाली, बालोतरा, अहमदाबाद, भीलवाड़ा, मुम्बई एवं सूरत के उत्पाद शामिल है। एजेंसी में सूटिंग-शर्टिंग, लेडीज सूट, साड़ी, पोपलीन एवं टू बाई टू की आपूर्ति की जा रही है। इनकी सेल्स नेटवर्क मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, ऋषिकेश, देहरादून, खटीमा, टनकपुर, हल्दवानी, शामली, बड़ोद इत्यादि क्षेत्र में बेहतर है।

श्री बाबा रामदेव श्री नमः | श्री पित्तर जी नमः
Bhomiyaji Textile Agency | BHOMIYAJI GROUP
Bhomiya Ji
Textile Agency
Textile Selling Agent
1st Floor, Lal Singh Market, Near Jhansi Rani Chowk Muzaffarnagar - 251002 (UP),
Bhawarlal Paliwal Mob.: 9358811036 | 9411274436

KRISHNA TEXTILE AGENCY
Specialist in :
Denim, Suiting-Bhilwara
Shirting-Mumbai
CADINI ITALY | DONEAR | GRAVIERA
Office: Mahavir Complex (Kabari Bazar)
Kakkar Ganj, Saharanpur - 247001
SUMIT KALRA - 7417310901 | 7505848480

# कपड़ा व्यापार में है पाँचवीं पीढ़ी मनोज एजेंसीज



बरेली/ स्थानीय वस्त्र मण्डी में होलसेल क्षेत्र की जानी मानी फर्म 'मनोज एजेंसीज' कपड़ा इंडस्ट्रीज की टॉप कम्पनियों का माल सप्लाई कर रही है। गौरतलब है कि इस परिवार की पाँचवीं पीढ़ी कपड़ा व्यापार में सफलतम कार्य कर रही है। फर्म के संस्थापक श्रीकांत अग्रवाल ने वर्ष 1990 से होलसेल कपड़ा व्यापार में कॉटन फैब्रिक में मिल्स ब्राण्ड से शुरूआत की और इन्हीं के साथ इनके सुपुत्र श्री अनुराग अग्रवाल भी कारोबार में महत्त्वपूर्ण रूप से कार्य कर रहे हैं।

**इरोड़ उत्पाद-** KKT, TAK के उत्पाद जहाँ की खादी, पोपलीन, लोन क्लॉथ, शर्टिंग इत्यादि शामिल है। इसके अलावा हमारी फर्म ऑर्डर देकर भी उपभोक्त ाओं की डिमाण्ड के आधार पर माल बनवाती है।

कपड़ा व्यापार की वर्तमान स्थिति के बारे में श्री अनुराग अग्रवाल ने बताया कि पहले 8 महीने कार्य होता था और आज उल्टा चार महीने ही कार्य होता है, लेकिन हमारी फर्म कपड़ा व्यापार में आज भी बेहतर कार्य कर रही है, क्योंकि कपड़ा व्यापार में कौशल की आवश्यकता होती है। अतः अपनी मार्केटिंग एवं अनुभव से कार्य करने वाला व्यापार करता रहेगा।

**प्रॉडक्ट-** इनकी फर्म मफतलाल, अरविंद, मोंटिकार्लो एवं फिनले इत्यादि के ये ऑथोराइज्ड डीलरशिप के तहत माल सप्लाई कर रही है। फैब्रिक में सूटिंग शर्टिंग, कॉटन पीस, कॉटन पेंट फैब्रिक लिनन व्हाइट इत्यादि शामिल है।

Manoj Agencies
Cloth Commission Agent
IQBAL MARKET, OPP JAGAT CINEMA,
BARA BAZAAR, BAREILLY
Tel.: 9411922316, 9897522278
Email: manojagencies1944@gmail.com
Mafatlal | Arvind Fashioning Possibilities | Monte Carlo | Finlay Textile Industries Pvt. Ltd.

# मेन्स वियर फैब्रिक रिटेल का प्रमुख केन्द्र

# दिवानचन्द महेंद्र कुमार

मुजफ्फरनगर/ स्थानीय वस्त्र मण्डी में रिटेल सेक्टर की जानी मानी फर्म ''दिवानचन्द महेन्द कुमार'' सन् 1966 में स्व. श्री दिवानचन्द डावर द्वारा सूटिंग-शर्टिंग आपूर्ति से प्रारम्भ की गई थी। फर्म ने समय के साथ निरन्तर नवाचार एवं अपने उपभोक्ता को सदैव क्वालिटी उत्पाद उपलब्ध कराने में ही प्राथमिकता रहीं जिससे आज शहर में रिटेल सेल में ब्राण्ड बन चुकी है। कारोबार में सन् 1980 में इनके सुपुत्र श्री विनोद कुमार डावर जो वर्तमान में प्रोपराइटर भी है। इन्होंने अपनी पेड़ी को अपने कार्यकौशल एवं अनुभव से बेहतर मुकाम पर पहुँचाने में कामयाबी हासिल की है। सन् 1980 में ही फर्म के मार्केटिंग मैनेजर श्री सुरेश कुमार ने भी उसी समय से ही फर्म की उन्नति में महत्वपूर्ण सहयोग किया और आज भी क्रियाशील है।

**फर्म की अनुभवी एव कर्मठ टीम -** कहा जाता है कि कोई भी कार्य बिना टीम वर्क के साकार नहीं होता है जिसमें हमारी फर्म में भी मि. निशांत, मि. मुनिष, मि. इमरान, मि. हिमांशु एवं मि. अकरम के अथक परिश्रम से फर्म को ऊँचाईयों के पायदान पर पहुँचाने में इनका बड़ा और महत्वपूर्ण योगदान है।

**युवा प्रबंधन-** फर्म में श्री विनोद कुमार के पुत्रों में श्री दक्ष डावर एवं श्री अनमोल डावर का फर्म के प्रति निष्ठावान एवं बाजार के बदलते स्वरूप के मद्देनजर क्रिएशन करने में बेहतर योगदान रहा है।

**टेलरिंग सुविधा-** फर्म अपने उपभोक्ता को टेलरिंग सुविधा भी उपलब्ध कराती है, जिसमें टेलरिंग के मास्टरमाइंड श्री अकरम अपने उम्दा अनुभव से ग्राहको को शानदार सेवाएँ दे रहे हैं। श्री दक्ष डावर ने बताया कि हमारी फर्म के प्रति सदैव प्रयास है कि वर्ष 1966 से आज तक जो प्रतिष्ठा एवं शाख हमारे पिताजी ने कायम की है उसको निष्ठापूर्वक बनाये रखेंगे, ताकि हमारा उपभोक्ता इस पेड़ी के प्रति अपना विश्वास कायम रख सके।

**प्रमुख ब्राण्ड्स-** फर्म के अन्तर्गत रेमण्ड्स, OCM, रीड एण्ड टेलर, आदित्य बिड़ला, अरविन्द के साथ ही अन्य कई ब्राण्ड्स का क्वालिटी प्रॉडक्टस उपभोक्ता को उपलब्ध करा रहे हैं।

Raymond Suitings-Shirtings | OCM Luxury Suitings & Tweeds | Reid & Taylor | Aditya Birla Group | Arvind Fashioning Possibilities

# पालीवाल सेल्स एजेंसी




**बरेली/** स्थानीय टेक्सटाइल एजेंसी कार्य में प्रतिष्ठित फर्म 'पालीवाल सेल्स एजेंसी' पिछले 35 वर्षों से सफलतापूर्वक कार्यरत है। एजेंसी कार्य में ऑनर श्री डूंगरराम पालीवाल इस क्षेत्र में देश की कई वस्त्र उत्पादक मण्डियों से विभिन्न कम्पनियों का कार्य कर रहे हैं, जिसमें मुम्बई, भीलवाड़ा, पाली, इचलकरंजी, बालोतरा एवं अहमदाबाद प्रमुख है। प्रमुख उत्पाद में सूटिंग-शर्टिंग, पोपलीन, रेयॉन प्रिंट, जाम, धोती, रोटो, माइक्रो, अस्तर इत्यादि की सप्लाई शामिल है। फर्म में फैंसी, कॉटन फैब्रिक एवं यूनिफॉर्म फैब्रिक में विशेषतौर पर अपने नेटवर्क से माल सप्लाई कर रहे हैं। व्यापार बरेली एवं इसके आसपास 200 किलोमीटर के क्षेत्र तक बेहतर मजबूत सेल्स नेटवर्क स्थापित होने से अच्छे व्यापारियों के साथ कार्य हो रहा है। गौरतलब है कि एजेंसी कार्य में इनके सुपुत्र श्री सुरेश पालीवाल पिछले कुछ वर्षों से बेहतर कार्य कर रहे हैं।

PALIWAL SALES
PSA AGENCY
PRODUCT SUPPLY FROM: MUMBAI | BHILWARA
ICHALKARANJI | PALI | BALOTRA & AHMEDABAD
New Cloth Market, IInd Floor, Katramanrai, Bara Bazar
Bareilly- 243 003 (U.P.) Mob.: 9319090979, 9634097389
E-mail: paliwalsales.agency@gmail.com

# के. आर. टेक्सटाइल एजेंसी




**बरेली**

स्थानीय वस्त्र मण्डी की प्रतिष्ठित टेक्सटाइल एजेंसी 'के आर टेक्सटाइल एजेंसी' पिछले 36 वर्षों से इस मण्डी में सतत रूप से प्रगति पथ पर है। एजेंसी के संस्थापक श्री खीमाराम पुरोहित अपने लम्बे अनुभव एवं कार्यकौशल से देश की कई वस्त्र उत्पादक मण्डियों से जुड़े हुए है। एजेंसी कार्य में पिछले 8 वर्षों से इनके युवा सुपुत्र श्री ईश्वर चन्द पुरोहित भी कार्य देख रहे है।

**प्रमुख उत्पाद-** लेडीज सूट, सूटिंग-शर्टिंग, पोपलीन, कॉटन उत्पाद, यूनिफॉर्म फैब्रिक इत्यादि की आपूर्ति शामिल है।

**मुम्बई-** स्पर्श फैब, BI ग्रुप ऑफ इण्डस्ट्रीज, नाहटा, JSP Fabrics, रितुराज, डीडवानिया, मोहनलाल सोलंकी

**पाली-** ममता फैब टेक्स, वर्धमान, पदमावती डाईंग, हीरापन्ना टेक्सटाइल, योगेन्द्रा एवं प्राञ्जुल फैशन

**भीलवाड़ा-** सुमात्रा, JPL, सुविधी रेयॉन, SRT, अवार्ड एवं एसबी लोन

**सूरत-** लेडीज सूट में डाईड उत्पाद -पशुपती अम्बाजी, वर्षा, बीपीएल, गीता सिंथेटिक्स, गाड़ियां , जेलब्रो एवं आर्यन

**इरोड-** विशाल, आशा, बुरहानपुर -RT Mills

**इचलकरंजी-** राधाकृष्ण

**बालोतरा-** विमल कॉटन फैब, नवरंग टेक्सटाइल, (मॉंविरात्रा) मनीधारी फैब्रिक

**अहमदाबाद-** ममता फैब टेक्स, रिकबचन्द हजारीमल, नवदुर्गा इत्यादि की सप्लाई शामिल है। यूनिफॉर्म फैब्रिक आपूर्ति में विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है, जिसमें स्पर्श फैब के उत्पादों को बायर्स डिमाण्ड से खरीदी करते जिसके चलते बेहतर व्यापार हो रहा है।

**नेटवर्क-** बरेली, बदायुं, शाहजहाँपुर, मुरादाबाद, रूद्रपुर, रामनगर इत्यादि में बेहतर है।

Sparsh-Fab Uniform Fabric
THOUGHTFUL UNIFORMS
K.R.TEXTILE Agency
Cloth Commission Agent
2nd Floor, New Cloth Market, Katra Manrai Bara Bazar,
BAREILLY-243003 (U.P.), E-mail: krtextile.agency@gmail.com
KR PUROHIT- 93190 65518, ISHWAR- 80061 20979
NARAYAN SURAT OFIICE- 93275 35698

## शीर्ष एवं प्रतिष्ठित एजेंसी कार्य में उम्दा नाम

# गिरधर टेक्सटाइल एजेंसी




सहारनपुर/ स्थानीय वस्त्र मण्डी की जानी मानी फर्म 'गिरधर टेक्सटाइल एजेंसी' सन् 2001 से इस क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहीं है। फर्म के ऑनर श्री राजकुमार गिरधर ने बताया कि इस क्षेत्र में हमारा कार्य सन् 1980 से स्व. श्री ओमप्रकाश गिरधर द्वारा शुरू किया गया। उनको मिली इस सफलता के बाद हमने 'गिरधर टेक्सटाइल एजेंसी' की शुरूआत की एवं कार्य का विस्तार होने से हमारी सहयोगी फर्म सागर टेक्सटाइल में भी कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में इनके युवा सुपुत्र श्री सागर गिरधर पिछले 8 वर्षों से एजेंसी कार्य में अपने अनुभव से बेहतर कार्य कर रहे हैं।

### प्रमुख कम्पनियां एवं उत्पाद

A Leading Agency in Textile
DARSHAN Valji INDIA'S UNIFORM EXPERTS
GIRDHAR TEXTILE
Sister Concren
SAGAR TEXTILE
AGENT FOR:- School Uniform, Suiting- Shirting
Cotton Fabrics & Ladies Dress Material
Product Supply From:- Mumbai, Bhilwara, Surat, Ahmedabad, Amritsar, Ludhiana etc.
45, 1st Floor, Banarasi Dass Cloth Market Kakkar Ganj, Saharanpur (U.P.)
Mob:- 093583-11607, 098370-32537, Email: girdhartextile@gmail.com

एजेंसी कार्य के अंतर्गत मुम्बई निर्मित सूटिंग-शर्टिंग जिसमें वालजी यूनिफॉर्म, स्पर्श फैब यूनिफॉर्म, अश्विरा, माबलीन अरावली एवं नोसारी कॉटन के उत्पाद की सप्लाई शामिल है। भीलवाड़ा वस्त्र उत्पादक मण्डी की सूटिंग फैब्रिक में सनमती एवं सिद्धलक्ष्मी सूटिंग, सूरत, अहमदाबाद एवं दिल्ली के निर्मित लेडीज सूट का भी बड़े स्तर पर कार्य किया जा रहा है। अमृतसर की R Tex Suiting एवं लुधियाना मण्डी के उत्पाद की आपूर्ति की जा रही है। श्री गिरधर ने बताया कि स्कूल यूनिफॉर्म फैब्रिक में हमारे पास टॉप ब्राण्ड होने से उम्दा स्तर पर कार्य कर रहे हैं। साथ ही बढ़ते लेडीज वियर की डिमाण्ड के मद्देनजर हमारी फर्म द्वारा लेडीज सूट (ड्रेस मटीरियल)में विभिन्न कलर डिजाइंस में माल सप्लाई किया जा रहा है। एजेंसी कार्य क्षेत्र सहारनपुर एवं आसपास के क्षेत्र में बेहतर नेटवर्क स्थापित होने से कई अच्छे व्यापारियों द्वारा कार्य किया जा रहा है।

# लक्की टेक्सटाइल



**सहारनपुर /** होलसेल वस्त्र व्यापार में स्थानीय वस्त्र मण्डी की रायवाला मार्केट में श्री राजेश किंगर लगभग 48 वर्षों से इस क्षेत्र में सफलतापूर्वक व्यापार कर रहे हैं। हालांकि, लक्की टेक्सटाइल फर्म की स्थापना 25 वर्ष पूर्व की गई थी तब से निरन्तर कार्य विस्तार किया गया और आज कई उम्दा क्वालिटी ब्राण्ड का कार्य कर रहे हैं। लम्बे समय से अनुभव एवं कार्यकौशल से आज कई नामचीन ब्राण्ड्स का कार्य कर रहे हैं।

**प्रमुख ब्राण्ड्स** – मेन्स वियर में फर्म मुख्यतया नोसारी कॉटन, स्टेनरोज मफतलाल, H.S.D.K., स्वदेश लिनन कॉटन फैब्रिक, एल्वी कॉटन मैन्युफेक्चर मिल, ममता मिल इरोड़, मातुल्य के निर्मित प्रॉडक्ट की सप्लाई कर रहे हैं। श्री किंगर ने बताया कि कुर्ता-पायजामा फैब्रिक सप्लाई में हमारी विशेष महारत है। जिसके चलते बायर्स उत्साह से खरीदी करने आते हैं।

**सेल्स नेटवर्क** – उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड, हरियाणा एवं पंजाब की कई वस्त्र मण्डियों में मजबूत नेटवर्क होने एवं हमारे कस्टमर्स का विशेष लगाव होने से व्यापार सफलता के पायदान पर गतिमान है।

## कपड़ा व्यापार में सफलतम 50 वर्ष किए पूर्ण

# श्री कृष्णा फैब्रिक




**बरेली**

स्थानीय होलसेल कपड़ा व्यापार के शीर्ष फर्मों में शुमार यह फर्म इस क्षेत्र में 50 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण कर चुकी है। व्यापार का शुभारंभ श्री रमेश खनिजों द्वारा किया गया और इन्होंने अपने अथक परिश्रम एवं अनुभव से बेहतर सफलता अर्जित की। पिछले 35 वर्षों से इनके सुपुत्र श्री अजय खनिजों कपड़ा व्यापार में कार्य कर रहे हैं, जिन्होंने अपने कुशल नेतृत्व से कारोबार को और ऊँचाइयां प्रदान करने में कामयाब रहे हैं। अब इनके सुपुत्र श्री माधव खनिजों भी पिछले 5 वर्षों से फर्म में कार्य देखने लगे, जिससे फर्म का प्रबंध कार्य और आसान हो गया है।

**प्रमुख ब्राण्ड्स** - सियाराम की सूटिंग-शर्टिंग, गिफ्टिंग, मिनिएचर, जेनरिस, सिताराम इंडिया, एएफडब्ल्यू, एथनिक वियर, पार्टी वियर, **Gee-Cee** शर्टिंग, मुम्बई फैंसी शर्टिंग एवं टीआर फैब्रिक के मेन्स वियर कलेक्शन की विभिन्न रेंजो के साथ क्वालिटी उत्पाद सप्लाई कर रहे हैं।

**सहयोगी फर्म** - राजश्री सिंथेटिक्स के अंतर्गत लेडीज वियर में सिंथेटिक्स एवं सिल्क साड़ियों की होलसेल सप्लाई की जा रही है। ये उत्पाद मुख्यतः सूरत एवं बैंगलुरू में निर्मित है। स्कूल, कॉर्पोरेट यूनिफॉर्म एवं पुलिस खाकी में फर्म काफी कलर रेंज में माल सप्लाई कर रही है।

**पार्टी वियर**- उपभोक्ता के पार्टी वियर डिमांड के अंतर्गत एथनिक उत्पाद एवं इटालियन फैब्रिक व कुर्ता-पायजामा में हमारी फर्म शानदार कलेक्शन में माल सप्लाई करती है।

**कॉन्फ्रेंस आयोजन** - फर्म अपने व्यापारियों को डिस्प्ले बुकिंग के अंतर्गत माल बुकिंग करवाती है और व्यापारियों को देश-विदेश में भ्रमण कराती है। विदित है कि पिछले वर्ष बुकिंग पर काठमांडू टूर सफल रहा।

Radhe Krishna Fabrics
Shri Krishna Fabrics
Wholesaler: Fancy Suitings, Shirtings
& Ethnic Wear & School Uniform Fabrics
RAJ SHREE SYNTHETICS
Specialist: Fancy & Silk Sarees
Siyaram's | Miniature A gift of tradition | MiSTAiR IMPACT DRESSING
GENERIS PREMIUM SUITINGS | GEE CEE FOR MEN'S | SITARAM PREMIUM SUITINGS | afw
OFFICE:- Gali Arya Samaj, Bara Bazar, BAREILLY (U.P.)
Mob: 9897899772, 9897899771, 8979449966
Email: shrikrishnafabricsbly@gmail.com

**50 वर्ष का सफर पूर्ण**

# जयकिशन दास अशोक कुमार


स्व. श्री बिहारी लाल मिगलानी


स्व. श्री राजेश मिगलानी


श्री शिवम मिगलानी

मुरादाबाद / स्थानीय थोक बाजार में स्व. श्री जयकिशन दास ने होलसेल कपड़ा व्यापार की शुरूआत सन् 1975 से कर दी थी। इसके बाद इनके सुपुत्र स्व. श्री बिहारी लाल मिगलानी भी शामिल हुए और संयुक्त रूप से कपड़ा व्यापार में कार्य करने लगे और इस क्षेत्र में अच्छा मुकाम हासिल किया। व्यापार के इस क्रम में तीसरी पीढ़ी के स्व. श्री राजेश मिगलानी भी कार्य व्यापार देखने लगे, जो वर्ष 2014 तक रहे। वर्तमान में सन् 2012 में चौथी पीढ़ी के युवा श्री शिवम मिगलानी अपने पुश्तैनी व्यापार को अपने कुशल नेतृत्व से सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं।

GRADO LUXURY FABRICS & APPARELS

**50**

**श्री शिवम मिलगानी ने कहा कि मुझे इस बात पर गर्व है कि हमारी फर्म सफलता के 50 वर्ष पूर्ण कर चुकी है।**

### संघर्ष भरा रहा पारिवारिक जीवन

श्री शिवम मिगलानी ने कहा कि हमारे परिवार की स्थितिया बड़ी ही कठिनाइयों के दौर से गुजरी जिसमें हमारे पुरखों के जाने के बाद मेरे पिताजी स्व. श्री राजेश मिगलानी भी असमय देवलोक हो गए। जिससे पारिवारिक एवं व्यापारिक जिम्मेदारियां मेरे कंधे पर आ गई लेकिन ईश्वर के आशीर्वाद से दृढ़ संकल्प लेकर उन सभी के आशीर्वाद की ताकत से कर्म पथ मार्ग पर चलते हुए हमारे पुरखो द्वारा स्थापित कपड़ा व्यवसाय के इस प्रतिष्ठान को समय एवं बाजार के ट्रेण्ड के अनुसार बेहतर तरीके से आगे बढ़ा रहे है।

### फैब्रिक आपूर्ति

श्री शिवम मिगलानी ने अपने कारोबार के बारे में बताया कि हमारा प्रतिष्ठान शुरुआती दौर में ही ग्रासिम कंपनी से जुड़ा जो आज ग्राडो नाम में शीर्ष ब्राण्ड है। उसके साथ ही रमेश शर्टिंग एवं यश फोरेवर के उत्पाद सप्लाई किए जा रहे हैं।

### प्रमोशन ब्राण्डिंग

फर्म बाजार के ट्रेंड के अनुसार सीजन के अनुरूप डिस्प्ले कॉन्फ्रेंस का आयोजन भी करती है। हमारी फर्म आज भी कपड़ा सप्लाई कर रही है उतार-चढ़ाव तो चलता रहता है। कार्य करने वाला प्रत्येक परिस्थितियों के मद्देनजर सदैव आगे बढ़ने का प्रर्यास करता रहता है।

### सेल्स नेटवर्क

फर्म ने मुरादाबाद शहर के अलावा 200 किलोमीटर के एरिया में मजबूत सेल्स नेटवर्क स्थापित कर रखा है। हमारे से जुड़े व्यापारियों का विश्वास ही हमारी पूंजी है।

JKAK JAI KISHAN DASS ASHOK KUMAR
Authorised Company Wholesale Distributor of
JAI KISHAN DASS ASHOK KUMAR
Distributors of Suiting & Shirtings
GRADO | RAMESH SHIRTINGS | YASH FOREVER ETERNAL FASHION FABRICS
Office: Shop No. 5, New Cloth Market, Near Sai Complex, Budh Bazar, Moradabad, Shivam Miglani +91 9837004797

# ब्राण्डेड मेन्स वियर फैब्रिक, एथनिक एवं इम्पोर्टेड फैब्रिक सप्लाई में बड़ा नाम सरन सिंह एण्ड सन्स




मुरादाबाद/ स्थानीय होलसेल वस्त्र व्यापार में कई टॉप ब्राण्ड का कार्य करने वाली फर्म 'सरन सिंह एण्ड सन्स' ने अपनी अलग ही पहचान स्थापित की है। फर्म के संस्थापक श्री जगमोहन सिंह के अथक प्रयास एवं कार्यकौशल से सन् 1964 से इस क्षेत्र में बेहतर कामयाबी हासिल की है। श्री सिंह कपड़ा व्यापार में निरंतर बदलते फैशन ट्रेंड के अनुसार समय-समय पर अपडेट भी रहे हैं। व्यापार में इनके युवा सुपुत्र श्री जयंत कुमार (प्रिंस भाई) के आने के बाद फर्म का नेटवर्क काफी सुदृढ़ हुआ है।

अपने व्यापार की सम्पूर्ण जानकारी देते हुए श्री जयंत कुमार (प्रिंस भाई) ने बताया कि हमारा सेल्स नेटवर्क शानदार रूप से विस्तृत हुआ है, जिसमें वेस्टर्न यूपी एवं उत्तराखण्ड क्षेत्र के अधिकांश रिटेलर्स अपनी मजबूत पकड़ बना चुके हैं। बाजार में फैंसी सूटिंग सेगमेण्ट की फैंसी डिजाइनिंग, फैंसी कलर एवं पीवी कॉटन इत्यादि की बेहतर सप्लाई शामिल हैं। श्री जयंत कुमार ने यह भी बताया कि अब सभी ग्राहकों का रूझान ब्राण्डेड फैब्रिक की तरफ बढ़ चुका है। इसी के मद्देनजर सभी कम्पनियों ने कॉटन सूटिंग-शर्टिंग में भी सेल्वेज लगाना शुरू कर दिया है, इससे ग्राहकों का विश्वास ब्राण्डनेम में मजबूत हो रहा है।

SARAN SING & SONS
Wholesale Cloth Marchant
The Complete Man Raymond SINCE 1925 | GRADO | BSL | CADINI ITALY
Siyaram's Global Venture | GH GEOFFREY HAMMONDS | Arvind FASHIONING POSSIBILITIES | AGATHE
MARK & PEANNI | PREGIO ELYSIAN | ELYSIAN
CHINAR FABRICS | Kriplon EXCLUSIVE SHIRTINGS | Ashvira PREMIUM FABRICS
JAGMOHAN SINGH +91 9719293933
JAYANT KUMAR (PRINCE BHAI)
+91 9412493933, 9536344444
Shop No. 26, Kothiwal Nagar, Budh Bazar, Moradabad-244001 (U.P.)
E-mail: princearora010@gmail.com

### प्रमुख ब्राण्ड्स...

फर्म अपने व्यापार में कई शीर्ष कम्पनियों के उत्पाद सप्लाई कर रही है, जिसमें रेमण्ड, ग्राडो, बीएसएल, कडिनी, सियाराम, ज्योफरीहेमण्ड्स, अरविंद अगाथे, मार्क एण्ड पियनी, प्रिजिओ, एलिजियन, चिनार, क्रिपलॉन एवं अशविरा के साथ-साथ इम्पोर्टेड फैब्रिक, एथनिक, सूटिंग और ट्वीड कपड़ों की सप्लाई में बाजार में धूम मचाई हुई है। गौरतलब है कि यह कपड़ा रेडीमेड गारमेण्ट एवं टेलर स्टूडियो में डिमाण्ड से बिक रहा है। फर्म का नेटवर्क बेहतर होने से कई अच्छे व्यापारी जुड़े हुए हैं, जिसमें मुरादाबाद एवं इसके 500 किमी. सराउंडिंग के अलावा उत्तराखण्ड की कई मण्डियों से सीधा सम्पर्क होने से आसानी से माल सप्लाई किया जा रहा है।

DTA VAISHNAV GROUP
Diwakar
TEXTILE AGENCY
Cloth Commission Agent
A Product Supply of: Surat-Suits & Plain Fabrics
Ahmedabad | Bhilwara | Pali | Ichalkaranji (Fabrics)
Office: Opp. Akhilesh Cinema, 1st Floor, Station Road, Moradabad, U.P.
Mob.: 9219603100 | 8630301955 | Mail : rameshdiwakar 2449@gmail.com
Our Branch
• Moradabad
• Ahmedabad
• Bhilwara
• Nehtaur
• Jodhpur
• Bahjoi
• BILARI
• RAMPUR
• Pali
पवित्र LOGISTICS INDIA
Pavitra Logistic India

H.O. MORADABAD OFFICE:
Opposite, Akhilesh Cinema St. Road, Near Prabhat Medical Store, Moradabad (U.P.)
Mob.: 92196 03100 | 86303 01955
SURAT OFFICE:
B-03-04, Rajpurohit Transport Nagar, Saroli, Surat (Guj.)
Mob.: 93893 28737 | 80949 77098
Bhilwara Office: Near Ajanta Hotel, Transport Nagar Bhilwara (Raj.) Mob.: 8233132252, 9219603100

# आर संजीव ट्रेडर्स



बरेली/ वस्त्र मण्डी की होलसेल कपड़ा व्यापार में प्रतिष्ठित फर्म 'आर संजीव ट्रेडर्स' की शुरूआत सन् 1992 में श्री संजीव सोई द्वारा लेडीज सूट सप्लाई की एक्सक्लूसिव थीम पर की गई थी। कारोबार में श्री राजेश मल्होत्रा एवं श्री विजय धवन (पुत्र) के संयुक्त अनुभव से फर्म का व्यापार काफी तरक्की कर चुका है।

**प्रॉडक्ट** - लेडीज वियर सूट्स में अमृतसर, लुधियाना निर्मित जिसमें पंजाबी एवं मुस्लिम टेस्ट की खासतौर पर विभिन्न कलर डिजाइंस बड़ी मात्रा में स्टॉक मेंटेन करते हैं। इसके अलावा फर्म में सूरत, मुम्बई एवं पाली सूट्स की भी सप्लाई की जाती है। फर्म का व्यापारिक नेटवर्क बरेली शहर एवं इसके 150 किलोमीटर के इर्द-गिर्द अच्छे नेटवर्क से संचालित है।

**प्रमुख सीजन**- यहाँ के व्यापार में होली, दिवाली, ईद एवं वैवाहिक-लग्न, रक्षाबंधन फेस्टिवल सीजन में अच्छी डिमाण्ड निकलती है। वर्तमान बाजार के ट्रेंड में डिजाइंस एवं क्वालिटियों में पहले से काफी बदलाव आया है। अतः उपभोक्ता की डिमांड के आधार पर जिनके पास वैरायटियाँ है, उनके पास आज भी काम की कमी नहीं है। अब कपड़ा व्यापार में जो परिवर्तन आया, वो यह है कि पहले व्यापारी ग्राहक को अपने हिसाब से कपड़ा सेल करता था, जबकि अब उपभोक्ता सूचना क्रांति के इस युग में अपनी पसंद तय करता है तथा उसकी पसंद पर कपड़ा हमको देना पड़ता है।

# नवल्टी सेंटर (शहर का शीर्ष रिटेल काउंटर)

**बरेली/** स्थानीय कपड़ा बाजार में रिटेल सेक्टर में प्रतिष्ठित फर्म 'नवल्टी सेंटर' आज शहर में किसी परिचय का मोहताज नहीं है। फर्म की शुरूआत वर्ष1952 में स्व. श्री त्रिलोचन सिंह द्वारा की गई थी और इन्होंने अपने उत्कर्ष कार्य से व्यापार में बेहतर सफलता हासिल की। समय के साथ-साथ क्रमशः इनके सुपुत्र श्री परमजीत सिंह वर्ष 1973 से व्यापार में कार्य देखने लगे और आज युवा पीढ़ी में इनके सुपुत्र श्री हरसिमरन सिंह एवं पौत्र श्री अजीत सिंह अपने अनुभव से कार्य देख रहे हैं। नवल्टी सेंटर में उपभोक्ता खरीदी के लिए पहुँचते है, क्योंकि यहाँ क्वालिटी उत्पाद एवं प्रत्येक फैशन ट्रेंड के अनुसार फैब्रिक उपलब्ध कराते हैं।





सूटिंग-शर्टिंग, एथनिक, कुर्ता-पायजामा, लेडीज सूट, ड्रेस मटीरियल एवं साड़ी के लिए कई वर्षों से उपभोक्ता का विश्वसनीय सेंटर बन चुका है। सूटिंग में रेमंड, सियाराम, विमल, ओसीएम, रीड एंड टेलर एवं रेमंड का एथनिक, वेंजोलीक्रो, मितवा ईएमएफ इत्यादि की डिमांड से बिक्री हो रही है।

# गुलाटी टेक्सटाइल



**मुजफ्फरनगर /** स्थानीय वस्त्र मण्डी में लम्बे समय से प्रतिष्ठित फर्मों में शामिल 'गुलाटी टेक्सटाइल' पिछले 41 वर्षों से कपड़ा व्यापार में निरन्तर सफलतापूर्वक स्थान बनाए हुए है। फर्म के ऑनर श्री राकेश गुलाटी ने अपने कुशल नेतृत्व से बेहतर नेटवर्क स्थापित किया और कई कम्पनियों का माल सप्लाई कर रहे हैं।

**प्रॉडक्ट -** फर्म के अन्तर्गत सूटिंग-शर्टिंग की होलसेल आपूर्ति की जा रही है। भीलवाड़ा, मुम्बई एवं अमृतसर मण्डियों से कार्य किया जा रहा है। कॉटन फैब्रिक, कुर्ता-पायजामा एवं यूनिफॉर्म फैब्रिक में स्कूल यूनिफॉर्म की सप्लाई महत्त्वपूर्ण रुप से शामिल है। इनका व्यापार मुजफ्फरनगर एवं सराउंडिंग क्षेत्र में व्यापारियों में बेहतर संपर्क होने से सफलतापूर्वक हो रहा है। व्यापार में इनके युवा सुपुत्र श्री हिमांशु गुलाटी बी.कॉम ऑनर्स शिक्षा पूर्ण करके व्यापार में कार्य देख रहे हैं। बाजार के बदलते ट्रेंड के बारे में श्री गुलाटी ने बताया कि अब कॉटन सेक्टर एवं रेडीमेड में कपड़ा बाजार काफी हद तक पहुँच चुका है।

**प्रमुख कंपनियाँ-** गुलाटी टेक्सटाइल कई कम्पनियों के साथ कार्य करती आ रही है, जिसमें पुजा सिंथेटिक्स, स्पर्श फैब, वॉकी-टॉकी, टुडे, इत्यादि प्रमुखता से शामिल है।

MARUTI SALES
AGENCY
Dealing in Men's & Ladies Wear Fabrics
Ramesh Jhanwar- 98370-66294
Above Amer Ujala Office, 1st Floor,
Kothiwal Nagar, Near Kilkari Hospital, Moradabad

जय श्री कृष्णा
Prakash Textile Agency
MANJU SHREE AGENCY
Rajesh Textile Agency
Cloth Commision Agent
Laxmi Narayan Market, Ist Floor, Katra Man Rai BAREILLY - 243 003
Mob.: 93682-36089, 9412501798 (Rajesh)




## टेक्सटाइल फेडरेशन के अध्यक्ष एवं सांसद महोदय श्री दामोदर अग्रवाल की प्रेस कॉन्फ्रेंस

# वर्षभर के कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत







**भीलवाड़ा/कमलेश व्यास**

शहर के सांसद श्री दामोदर अग्रवाल, जो कि टेक्सटाइल फेडरेशन के अध्यक्ष भी है। जिन्होंने 4 जून 2025 को होटल हरिविलास में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान अपने संसदीय कार्यकाल में एक वर्ष का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए विकास कार्यों का प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुई प्रगति एवं प्रयासों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष श्री प्रशांत मेवाड़ा मौजूद थे। कार्यक्रम का सफल संचालन सांसद प्रतिनिधि श्री प्रेमस्वरुप गर्ग ने किया।

इस दौरान सांसद महोदय ने जिले में कई कार्यों का विवरण पेश किया, जिसमें टेक्सटाइल क्षेत्र में किए गये कार्यों की उपलब्धियां भी पेश की गयी। इस कार्य वर्ष में टेक्सटाइल पार्क हेतु भू-आवंटन के तहत 1273 बीघा लेंड एरिया स्वीकृत कराया गया एवं आवश्यकता होने पर अतिरिक्त भूमि भी मिलेगी। सांसद महोदय ने माननीय मुख्यमंत्री जी से अनुरोध करने पर केंद्र सरकार से विशेष रूप से 'पीएम मित्रा' के लिए आग्रह किया गया, जो जल्दी ही अमल में लाया जाएगा। इसके अलावा और कई विकास कार्यों का विवरण पेश किया, जिसमें भीलवाड़ा-लाडपुरा फोर लेन 65 किमी. रोड़ जो स्वीकृत हो चुका एवं प्रक्रियाधीन है और शहर को निगम बनाने का भी इनका प्रयास सफल रहा है।



फलस्वरूप, टेक्सटाइल सिटी आज नगर निगम बन चुका है तथा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे भीलवाड़ा से जयपुर पूर्ण एलिवेटेड रोड जिसकी डीपीआर लगभग बन चुकी है। शहर में हमीरगढ़ हवाई पट्टी पर फ्लाइंग स्कूल, जिसमें पायलट प्रशिक्षण अकेडमी का शुभारंभ होगा, जिसका कार्य प्रगति पर है और इसमें 200 करोड़ रू का निवेश होगा। सांसद महोदय ने शहर की कानून व्यवस्था में सुधार व सांप्रदायिक तनाव के लिए 'लॉ आर्डर' को सख्त बनाने पर जोर दिया है। **खासकर, औद्योगिक क्षेत्रों में बढ़ती गेंगवार एवं असामाजिक तत्वों के हस्तक्षेप पर सख्ती से लगाम लगाई गई है।** रेल सेवा की सुविधा शहरवासियों के लिए खुशी की बात है कि अजमेर (नसीराबाद) से चंदेरिया (चित्तौड़गढ़) रेलवे स्टेशन तक रेलवे लाइन का दौहरीकरण कार्य प्रगति पर है। भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन पर अमृत योजना के तहत मॉडर्न सुविधाओं का शीघ्र कार्य शुरू होगा।

## नये रेल मार्ग हेतु प्रस्ताव

1. नसीराबाद से जलिन्द्री जो जोधपुर से कोटा मार्ग को भी जोड़ेगी।
2. माण्डलगढ़ से भीलवाड़ा।
3. नाथद्वारा-जयपुर वाया गंगापुर, भीलवाड़ा, बनेड़ा, शाहपुरा, केकड़ी व टोडारायसिंह तक।

## नई ट्रेनों हेतु प्रयास

1. भीलवाड़ा से दिल्ली एक अतिरिक्त ट्रेन जो प्रतिदिन चले।
2. भीलवाड़ा से मुम्बई एक अतिरिक्त ट्रेन जो प्रतिदिन चले।
3. वन्दे भारत उदयपुर-जयपुर का दिल्ली तक विस्तार।
4. शताब्दी दिल्ली से अजमेर का भीलवाड़ा तक विस्तार।
5. रतलाम से चितौड़ का भीलवाड़ा तक विस्तार।
6. ZRUCC/DRUCC में सदस्यों का मनोनयन।

